उज्जैन
शुक्रवार
27
मार्च, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-142
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र



कृति सेनन का हॉट अंदाज

## पी. कुमारन ब्रिटेन में भारत के अगले हाई कमिश्नर होंगे

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने वरिष्ठ राजनयिक पी. कुमारन को ब्रिटेन में भारत का अगला हाई कमिश्नर नियुक्त किया है।



वह फिलहाल विदेश मंत्रालय में सचिव (ईस्ट) के पद पर कार्यरत हैं। 1992 बैच के आईएफएस अधिकारी कुमारन जल्द ही कार्यभार संभाल सकते हैं। वह वर्तमान उच्चायुक्त विक्रम दोराइसामी का स्थान लेंगे, जिन्हें चीन में भारत का राजदूत नियुक्त किया गया है। कुमारन ने अपने करियर की शुरुआत काहिरा में थर्ड सेक्रेटरी के रूप में की थी। इसके बाद उन्होंने त्रिपोली, ब्रसेल्स, इस्लामाबाद, वॉशिंगटन और कोलंबो में अलग-अलग पदों पर काम किया।

## बांग्लादेश में बस नदी में गिरी, 26 की मौत: 6 की जान बचाई

**ढाका।** बांग्लादेश के राजबाड़ी जिले में हुए बस हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 26 हो गई है। यह हादसा तब हुआ जब यात्रियों से भरी बस दाउलतदिया घाट पर फेरी (बड़ी नाव) में चढ़ते समय पद्मा नदी में गिर गई। फायर सर्विस के मुताबिक, 23 शव बस के अंदर से निकाले गए, जिनमें 11 महिलाएं, 8 पुरुष और 5 बच्चे शामिल हैं। इसके अलावा 8 लोगों को जिंदा बचाया गया था, लेकिन उनमें से 3 लोगों की बाद में अस्पताल में मौत हो गई। कुछ लोगों की तलाश जारी है। वहीं, 22 मृतकों के शव उनके परिवारों को सौंप दिए गए हैं। बस में करीब 40 लोग सवार थे। हादसा बुधवार शाम को हुआ।

## रामलला का सूर्य तिलक आज, सुबह की आरती हुई:

**अयोध्या।** अयोध्या में रामनवमी पर शुक्रवार दोपहर 12 बजे रामलला का सूर्य तिलक किया जाएगा। 4 मिनट



तक सूर्य की किरणें रामलला के ललाट पर पड़ेंगी। इससे पहले, सुबह रामलला की आरती की गई। भगवान को पीतांबर पहनाए गए। गर्भगृह को फूलों से सजाया गया है। 10 हजार मंदिरों में रामनवमी मनाई जा रही है। 10 लाख श्रद्धालुओं के दर्शन करने का अनुमान है। अभी हर दिन औसतन 70 हजार श्रद्धालु दर्शन करते हैं राम नवमी पर आम दिनों के मुकाबले भक्त 3 घंटे ज्यादा रामलला के दर्शन कर पाएंगे।

## यूपी-मध्यप्रदेश और राजस्थान में अगले 3 दिन बारिश

**नई दिल्ली।** राजस्थान, मध्य प्रदेश और यूपी में आज से तीन दिन तक बारिश की संभावना है। राजस्थान में बीकानेर, चूरू, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ सहित 8 जिलों में ओले गिरने का अलर्ट है। वहीं मध्य प्रदेश में 24 घंटे के अंदर ग्वालियर समेत 7 जिलों में आंधी-बारिश हो सकती है। मार्च में तीसरी बार पानी गिरने का अनुमान है। इससे पहले गुरुवार को प्रदेश में दिन का पारा 41.6 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। यूपी में शुक्रवार सुबह लखनऊ, मेरठ समेत 10 जिलों में बादल छाए। 30 किलोमीटर की रफ्तार से हवाएं चलीं। मौसम विभाग ने प्रदेश के 38 जिलों में हल्की बूंदाबांदी का यलो अलर्ट जारी किया है। उधर उत्तराखंड में बर्फबारी हो सकती है। जम्मू-कश्मीर के पुंछ में गुरुवार शाम एवलांच आया, जिसमें 20 से ज्यादा गाड़ियां फंस गईं। बॉर्डर रोड्स ऑर्गनाइजेशन की टीम ने मौके पर पहुंचकर देर रात सभी को सुरक्षित बाहर निकाला।


# मध्यप्रदेश में बिजली की दरें 4.80 प्रतिशत बढ़ीं

## एक अप्रैल से लागू होंगे नए रेट, दिन में ईवी चार्ज करने पर 20 प्रतिशत छूट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश में बिजली की दरों में 4.8 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर दी गई है। नए रेट एक अप्रैल से लागू होंगे। राज्य विद्युत नियामक आयोग ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए नया टैरिफ आदेश जारी कर दिया है। इसके मुताबिक, इस बार घरेलू, गैर-घरेलू, औद्योगिक और कृषि श्रेणियों के लिए अलग-अलग दरें तय की गई हैं।

नए टैरिफ आदेश में लो टेंशन उपभोक्ताओं को राहत मिली है, जिनके लिए न्यूनतम शुल्क समाप्त कर दिया गया है। घरेलू उपभोक्ताओं के लिए पहले की तरह स्लैब सिस्टम लागू रहेगा, जिसमें कम खपत पर कम और अधिक खपत पर ज्यादा दर से बिल लिया जाएगा। वहीं, गैर-घरेलू उपभोक्ताओं के लिए लोड और खपत के आधार पर रेट लगेगा। इंडस्ट्रियल कस्टमर के लिए स्थायी शुल्क और ऊर्जा शुल्क अलग-अलग तय किए गए हैं जबकि कृषि उपभोक्ताओं को चरणबद्ध दरों के अनुसार बिजली उपलब्ध कराई जाएगी।



### ईवी स्टेशन के उपयोग में 20% की छूट

इलेक्ट्रिक व्हीकल को बढ़ावा देने के लिए भी नए टैरिफ आदेश में विशेष प्रावधान किए गए हैं। एउ चार्जिंग स्टेशनों पर सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली उपयोग पर 20% की छूट मिलेगी जबकि दूसरे समय में 20% अतिरिक्त शुल्क देना होगा। बिजली कंपनियों का कहना है कि उनकी आर्थिक हालत बहुत खराब है और वे बहुत बड़े घाटे में चल रही हैं।

### कंपनियों ने गिनाए बढ़ोतरी के कारण

**संचित घाटा:** प्रदेश की तीनों बिजली वितरण कंपनियां (पूर्व क्षेत्र, मध्य क्षेत्र और पश्चिम क्षेत्र) कुल मिलाकर 42,375 करोड़ रुपए के भारी घाटे में हैं यानी पुराने सालों का जमा हुआ नुकसान बहुत ज्यादा है।

**पुराने प्रस्ताव अस्वीकार:** कंपनियों का दावा है कि 2014-15 से 2022-23 तक उनके द्वारा मांगे गए 3,451 करोड़ रुपए के बढ़ोतरी प्रस्तावों को राज्य विद्युत नियामक आयोग (टढएफउ) ने मंजूर नहीं किया। इससे उनकी वित्तीय स्थिति और बिगड़ गई है।

**स्मार्ट मीटर का खर्च:** स्मार्ट मीटर लगाने पर 820 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। अब कंपनियां इस खर्च को भी उपभोक्ताओं से वसूलना चाहती हैं।

बिजली खरीद का अतिरिक्त खर्च: बिजली खरीदने पर लगभग 300 करोड़ रुपए का अतिरिक्त खर्च बताया गया है।

### कोयले पर जीएसटी सेस हटा, फिर भी राहत नहीं

पिछले साल केंद्र सरकार ने बिजली बनाने में मुख्य तौर पर इस्तेमाल होने वाले कोयले पर लगने वाला 400 रुपए प्रति टन का जीएसटी सेस (कंपेंसेशन सेस) पूरी तरह हटा दिया था। एक्सपर्ट्स का कहना है कि इससे बिजली बनाने की लागत में प्रति यूनिट 17 से 18 पैसे की कमी आनी चाहिए थी। लेकिन इस बचत का फायदा उपभोक्ताओं तक नहीं पहुंच रहा है। जब स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे थे, तब दावा किया गया था कि इनका कोई भी खर्च उपभोक्ताओं पर नहीं डाला जाएगा। कहा गया था कि स्मार्ट मीटर से बिजली चोरी रुकेगी, लाइन लॉस (ट्रांसमिशन में बबार्दी) कम होगा और बचत से ही इनकी लागत निकल जाएगी।

### ऑपरेशन सिंदूर में इस्तेमाल हुआ था

## सेना 800 किमी रेंज वाली ब्रह्मोस क्रूज-मिसाइल खरीदेगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय सेना 800 किमी से ज्यादा रेंज वाली ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल खरीदने की तैयारी में है। फिलहाल सेना के पास 450 किमी तक मारक क्षमता वाली ब्रह्मोस मिसाइल मौजूद है। रक्षा अधिकारियों ने बताया कि सेना इस नए वर्जन का बड़ा ऑर्डर देने की योजना बना रही है।

रक्षा मंत्रालय की उच्चस्तरीय बैठक में इस प्रस्ताव को जल्द मंजूरी मिल सकती है। मई 2025 में भारत-पाकिस्तान जंग के दौरान ऑपरेशन सिंदूर में ब्रह्मोस मिसाइल का इस्तेमाल किया गया था। भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान एयरफोर्स के कई ठिकानों को निशाना बनाया था। अब 800 किमी की रेंज वाले नई मिसाइलों के आने के बाद दिल्ली से ही पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद को निशाना बनाया जा सकेगा। दिल्ली और इस्लामाबाद की हवाई दूरी 700 किमी है।

भारतीय सेना एक समर्पित मिसाइल फोर्स बनाने और मिसाइलों की संख्या बढ़ाने पर काम कर रही है। सेना अपने वर्कशॉप में ड्रोन का बड़े पैमाने पर निर्माण भी कर रही है।


## दिल्ली-लंदन एअर इंडिया फ्लाइट सऊदी से लौटी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

नई दिल्ली से लंदन जा रहा एअर इंडिया का ए 350-900 विमान गुरुवार को तकनीकी खराबी के कारण दिल्ली लौट आया। यह करीब सात घंटे हवा में रहा। फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट के अनुसार, विमान ने सुबह करीब 6 बजे दिल्ली से उड़ान भरी थी। करीब चार घंटे बाद सऊदी अरब के एयरस्पेस में विमान को लौटाने का फैसला लिया गया। विमान लगभग सात घंटे हवा में रहने के बाद दोपहर करीब 12:30 बजे वापस दिल्ली पहुंचा। सूत्रों के अनुसार, उड़ान के दौरान विमान में अजीब आवाजें सुनी गईं। हालांकि, एअर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा कि एहतियातन विमान को वापस लौटाया गया।

## कर्नाटक में पति ने बीच सड़क पत्नी का गला काटा: फिर कार से कुचला, मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कलबुर्गी



कर्नाटक में एक व्यक्ति ने बीच सड़क पत्नी की हत्या कर दी। उसने पहले पत्नी का गला काटा, फिर रवश से कुचल दिया। घटना के दो वीडियो सामने आए है। घटना कलबुर्गी जिले के बल्लूरगी गांव के पास की है। वीडियो में आरोपी पत्नी के बाल पकड़कर उसे पीटता दिख रहा है, जबकि महिला मदद के लिए चीखती नजर आती है।

पुलिस के मुताबिक, अक्षय अपनी पत्नी सान्वी के साथ गुरुवार सुबह तीर्थ स्थल गनागापुरा जा रहा था। दोनों मारुति सुजुकी अर्टिगा कार में थे। सुबह करीब 11 बजे रास्ते में दोनों के बीच विवाद हुआ, जिसके बाद अक्षय ने शैला को गाड़ी से बाहर धक्का दे दिया।

इसके बाद अक्षय बीच सड़क पर सान्वी का बाल पकड़कर पीटने लगा और हंसिए से गला काट दिया। फिर वह सान्वी को कार में बैठाकर खेत की तरफ ले गया। वहां पत्नी को जमीन पर लिटाकर कार चढ़ा दी। सान्वी की मौके पर ही मौत हो गई। कलबुर्गी के पुलिस अधीक्षक अड्डूरु श्रीनिवासुलु के मुताबिक, दोनों की शादी चार साल पहले हुई थी।

## 2 अप्रैल से इंदौर से श्रीगंगानगर के मध्य चलेगी सीधी ट्रेन

### इंदौर से 1.55 बजे होगी रवाना, हफ्ते में सिर्फ गुरुवार होगा संचालन

इंदौर से श्रीगंगानगर के बीच पहली बार सीधी रेल सेवा शुरू होने जा रही है। रेलवे ने समर स्पेशल के रूप में इस ट्रेन को चलाने का फैसला लिया है। ऐसे में इसकी बुकिंग शुरू कर दी है। श्रीगंगानगर से यह ट्रेन 2 अप्रैल से और इंदौर से 3 अप्रैल से संचालित होना शुरू होगी। उत्तर-पश्चिम रेलवे द्वारा शुरू की जा रही इस ट्रेन को इंदौर के लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन से संचालित किया जाएगा।

रेलवे विशेषज्ञ नागेश नामजोशी ने बताया कि 04735/04736 नंबर की यह समर स्पेशल ट्रेन इस रूट पर पहली सीधी सेवा होगी, जिससे मालवा से राजस्थान तक यात्रा आसान हो जाएगी। इससे पहले यात्रियों को इस मार्ग पर सफर के लिए ट्रेन बदलना पड़ती थी।

इंदौर के लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन से यह ट्रेन दोपहर 1.55 बजे रवाना होकर




अगले दिन सुबह 9.55 बजे श्रीगंगानगर पहुंचेगी। वहीं वापसी में श्रीगंगानगर से ट्रेन दोपहर 12.50 बजे चलकर अगले दिन दोपहर 1.55 बजे इंदौर पहुंचेगी।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार गर्मी के मौसम में यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए यह स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है, जिससे यात्रियों को बिना ट्रेन बदले सीधी और सुविधाजनक यात्रा मिल सकेगी। अभी इस मार्ग पर जाने के लिए यात्रियों को भोपाल या कोटा से ट्रेन

## कार्यक्रम से लौट रही बस पलटी, 10 लोगों की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में पिकअप वाहन से आमने-सामने की टक्कर के बाद बस पलट गई। हादसे में दोनों गाड़ियों के ड्राइवर समेत 10 लोगों की मौत हो गई। 30 से ज्यादा घायल हुए हैं। एक महिला और एक बच्चे का हाथ कटकर अलग हो गया। कुछ यात्रियों के सिर फूटे हैं।

एक्सीडेंट गुरुवार शाम करीब साढ़े 6 बजे सिमरिया के पास हुआ। MP28 P 0321 नंबर की इस बस में 47 लोग सवार थे। यह छिंदवाड़ा के पुलिस लाइन में आयोजित हितग्राही सम्मेलन से लौट रही थी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी शामिल हुए थे। उन्होंने मृतकों के परिजन को 4-4 लाख रुपए जबकि गंभीर रूप से घायलों को 1-1 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। छिंदवाड़ा जिला अस्पताल के डीन अभय सिन्हा ने कहा- मृतकों में 6 पुरुष, 3 महिलाएं और एक बच्चा शामिल हैं। एक घायल की हालत नाजुक है, जिसे नागपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। उसके सिर पर गंभीर चोट है। खून के थक्के जम गए हैं। बाकी घायलों को यहीं रखा गया है।

## अफगानिस्तान-पाकिस्तान में फिर झड़प, 3 की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

अफगानिस्तान-पाकिस्तान सीमा पर फिर लड़ाई शुरू हुई। अफगान तालिबान अधिकारियों के अनुसार, हमले में 2 नागरिक मारे गए और 8 घायल हुए, जबकि पाकिस्तान का भी एक नागरिक मारा गया। अफगानिस्तान और पाकिस्तान ने ईद पर 5 दिन का अस्थायी युद्धविराम घोषित किया था, जो 25 मार्च को खत्म होते ही झड़प फिर शुरू हो गई। न्यूज एजेंसी अढ के अनुसार, युद्धविराम खत्म होते ही पाकिस्तानी सेना ने नरई और सरकानो इलाकों में दर्जनों तोप के गोले दागे। उन्होंने कहा, जवाब में अफगान सीमा बलों ने गोलीबारी कर तीन पाकिस्तानी चौकियां तबाह कर दीं, जिसमें 1 व्यक्ति मारा गया। यह हिंसा उस समझौते के करीब एक हफ्ते बाद हुई, जिसमें दोनों देशों ने लड़ाई रोकने पर सहमति जताई थी। यह समझौता सऊदी अरब, तुर्किये और कतर के कहने पर हुआ था। इससे पहले 17 मार्च की रात पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में हवाई हमले किए थे।

अफगान तालिबान का दावा है कि हमलों में काबुल के एक नशा मुक्ति अस्पताल को निशाना बनाया गया, जिसमें 400 से ज्यादा लोग मारे गए। हालांकि पाकिस्तान ने नागरिकों को निशाना बनाने से इनकार करते हुए कहा कि हमला गोला-बारूद के भंडार पर था।

## मिस इंडिया एक्सक्विजिट ईशा अग्रवाल ने किए महाकाल दर्शन

### भस्म आरती में शामिल होकर लिया आशीर्वाद

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन

मिस इंडिया एक्सक्विजिट 2015 ईशा अग्रवाल उज्जैन पहुंचीं, जहां उन्होंने गुरुवार सुबह महाकालेश्वर मंदिर में भस्म आरती में शामिल होकर भगवान महाकाल के दर्शन किए। उन्होंने विधिवत पूजन-अर्चन कर आशीर्वाद लिया। ईशा अग्रवाल तड़के आयोजित भस्म आरती में शामिल हुईं। उन्होंने मंदिर में पूजा कर देश-विदेश की खुशहाली की कामना की। मंदिर में वे पीली साड़ी में नजर आईं। गले में माला और माथे पर त्रिपुण्ड लगाए उन्होंने पूजन-अर्चन किया। ईशा अग्रवाल मिस इंडिया एक्सक्विजिट 2015, मिस इंडिया इंटरनेशनल 2017 और मिस ब्यूटी टॉप ऑफ द वर्ल्ड 2019 जैसे खिताब जीत चुकी हैं। ईशा अग्रवाल मॉडलिंग के साथ हिंदी और साउथ इंडियन फिल्मों में काम कर रही हैं। उन्होंने अलग-अलग पेजेंट में भाग लेकर कई उपलब्धियां हासिल की हैं।

## मुक्तिधाम में मधुमक्खियों का हमला, 20 लोग घायल

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन

भोकरिया मुक्तिधाम में मधुमक्खियों के हमले में गुरुवार सुबह करीब 20 लोग घायल हो गए। ग्रामीणों के मुताबिक मुक्तिधाम पर दो वट वृक्ष हैं। इन पर मधुमक्खियों के छत्ते हैं। अग्निदाह के समय धुआं उठने पर मधुमक्खियां उग्र होकर लोगों पर टूट पड़ती हैं। इस वजह से मुक्तिधाम जाने वाले ग्रामीणों में दहशत रहती है। इससे पहले भी यहां दो बार मधुमक्खियों का हमला हो चुका है। गुरुवार सुबह 10 बजे भी ग्रामीण शवयात्रा में मुक्तिधाम पहुंचे थे। इसी दौरान यह घटना हो गई। सचिव राजेश कुशवाह ने कहा- इस विषय पर ग्राम पंचायत व ग्रामीणों के साथ बैठक में विचार करेंगे।

## रतलाम मंडल में ब्लॉक के कारण 6 ट्रेन होगी प्रभावित

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन


परे रतलाम मंडल के रतलाम-नीमच सेक्शन खंड में दोहरीकरण कार्य के चलते रतलाम मंडल की कुछ ट्रेनें प्रभावित होंगी। जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया 28 को गाड़ी 59345 रतलाम-नागदा पैसेंजर और गाड़ी 59346 नागदा-रतलाम पैसेंजर निरस्त रहेगी। वहीं 28 एवं 29 मार्च को उदयपुर से चलने वाली गाड़ी 19328 उदयपुर सिटी-रतलाम, नामली पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी। इसके साथ 3 अन्य ट्रेन भी प्रभावित होंगी।

# गैस संकट में इंफ्रारेड चूल्हा बना लोगों के लिए नया सहारा, तेज कुकिंग के साथ बढ़ी इसकी मांग

## इंडक्शन से अलग तकनीक, हर बर्तन पर काम—लेकिन बिजली खपत को लेकर सावधानी जरूरी

### गैस संकट में बदली रसोई की तस्वीर.. इंफ्रारेड चूल्हों की बढ़ी मांग

### गैस की किल्लत ने बदली किचन की दिशा, इंफ्रारेड चूल्हा बना नया ट्रेंड



ब्रह्मास्त्र » उज्जैन

शहर में एलपीजी सिलेंडर की कमी के बीच अब रसोई का विकल्प तेजी से बदलता नजर आ रहा है। गैस की लंबी लाइनों और अनिश्चित सप्लाई के कारण लोग बिजली से चलने वाले उपकरणों की ओर शिफ्ट हो रहे हैं। इसी बीच इंफ्रारेड चूल्हा बाजार में एक मजबूत विकल्प बनकर उभरा है, जिसकी मांग और बिक्री दोनों में तेजी देखी जा रही है। नई सड़क क्षेत्र के इलेक्ट्रॉनिक व्यापारियों के अनुसार, पिछले कुछ समय में इंफ्रारेड चूल्हों की बिक्री में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। इलेक्ट्रॉनिक दुकानों पर इनकी बिक्री में हाल के दिनों में उल्लेखनीय इजाफा देखा जा रहा है।

दुकानदारों के अनुसार, गैस संकट के बाद उपभोक्ता ऐसे विकल्प तलाश रहे हैं, जो आसान, तेज और बिना अतिरिक्त खर्च के उपयोग में आ सकें। इंफ्रारेड चूल्हा इसी जरूरत को पूरा करता नजर आ रहा है, क्योंकि इसमें किसी विशेष बर्तन की आवश्यकता नहीं होती।

उत्सव इलेक्ट्रॉनिक के दुकान संचालक मनोज परमार के मुताबिक, गैस सिलेंडर की किल्लत के बाद इंफ्रारेड चूल्हे की डिमांड बढ़ गई है इस चूल्हे पर रोटी, पापड़, भुट्टा और बाटी जैसी चीजें सीधे बनाई जा सकती हैं। इसके लिए अतिरिक्त तवा या ओवन की जरूरत नहीं होती। साथ ही, इसमें तापमान को एक बटन से नियंत्रित किया जा सकता है, जिससे उपयोग आसान हो जाता है। हमारे यहां 2200 वाट के केनस्टार कंपनी के चूल्हे की कीमत 3100 रुपए है जिसकी अच्छी बिक्री हो रही है। इधर कंपनी के सेल्स एग्जीक्यूटिव का कहना है कि 1 घंटे इस चूल्हे का उपयोग करने पर एक यूनिट बिजली की ही खपत होगी।

### किस क्षमता का चूल्हा लेना बेहतर

संचालक मनोज परमार ने बताया कि 3-4 लोगों के परिवार के लिए 2000-2200 वॉट का इंफ्रारेड चूल्हा संतुलित विकल्प है। हल्के उपयोग के लिए 1200-1600 वॉट पर्याप्त हो सकता है, जबकि अधिक कुकिंग के लिए 3000 वॉट तक के मॉडल भी उनकी दुकान पर उपलब्ध हैं।

### इंडक्शन से कैसे अलग

इंडक्शन चूल्हा जहां मैग्नेटिक तकनीक से सीधे बर्तन को गर्म करता है और केवल खास धातु के बर्तन पर ही काम करता है, वहीं इंफ्रारेड चूल्हा रेडिएंट हीट के जरिए बर्तन को बाहर से गर्म करता है।

## संस्कृत विवि की परिषद् का गठन, 6 का मनोनयन

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन

महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय की साधारण परिषद् का गठन कर दिया है। छह प्रतिनिधि का साधारण परिषद् में सदस्यों के रूप में मनोनयन किया है। मप्र शासन के अवर सचिव वीरनसिंह भलावी द्वारा इस संबंध में आदेश जारी किया है। इसमें संस्कृत भारती के क्षेत्र संयोजक डॉ. भरत बैरागी, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर की संस्कृत विभागाध्यक्ष प्रो. राधिका प्रसाद मिश्र, महारानी लक्ष्मीबाई महाविद्यालय ग्वालियर की संस्कृत विभाग की प्राध्यापक और विभागाध्यक्ष डॉ. मनीषा खेमरिया, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय टीकमगढ़ के संस्कृत के सहायक प्राध्यापक और विभागाध्यक्ष डॉ. सिद्धनाथ खजूरिया, पीतांबरा पीठ महाविद्यालय दतिया के प्राचार्य डॉ. हरेंद्र भार्गव और शासकीय रामानंद संस्कृत महाविद्यालय भोपाल के पूर्व व्याख्याता डॉ. लक्ष्मीनारायण पांडेय के नाम शामिल हैं।

### महाअष्टमी पर मंदिरों में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

चैत्र नवरात्रि की महाअष्टमी पर मध्य प्रदेश भर में आस्था और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला। उज्जैन में परंपरागत नगर पूजा के साथ भव्य आयोजन हुआ, जिसमें संत-महंत शामिल हुए। वहीं नलखेड़ा, मैहर और बागेश्वर धाम समेत प्रमुख मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कन्या पूजन, हवन और भंडारे जैसे धार्मिक आयोजन पूरे दिन चलते रहे। प्रदेश के मंदिरों में भक्तों ने दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। आगर मालवा जिले के नलखेड़ा स्थित मां बगलामुखी मंदिर में सुबह से ही हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। मंदिर परिसर में नौ दिवसीय निःशुल्क भंडारा भी आयोजित किया जा रहा है, जहां रोजाना 20 से 30 हजार श्रद्धालु प्रसादी ग्रहण कर रहे हैं।

## चैत्र नवरात्रि की रौनक...:मां हरसिद्धि की आरती में आए 10 हजार से ज्यादा श्रद्धालु



ब्रह्मास्त्र » उज्जैन

चैत्र नवरात्रि की महाअष्टमी पर गुरुवार को शक्तिपीठ मां हरसिद्धि की संध्या आरती में 10 हजार से ज्यादा श्रद्धालु शामिल हुए। पुजारी रामचंद्र गिरि, राजू गिरि गोस्वामी के अनुसार शाम 6.30 बजे मंदिर परिसर स्थित दो स्तंभों पर 1051 दीप मालिकाओं को प्रज्वलित करने का क्रम शुरू हुआ। उसके बाद आरती की गई। देश की 52 शक्तिपीठ में से हरसिद्धि प्रमुख हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार यहां पर माता सती की दाहिनी कोहनी गिरी थी।


# नाली एवं गंदा पानी जाम, पनपे मच्छर रहवासी को काट रहे

### चौड़ीकरण वाले सभी क्षेत्रों में एक जैसे हाल

### प्रभावित क्षेत्रों में कीट नियंत्रण के लिए पर्याप्त दवाई का छिड़काव भी नहीं

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन

शहर में सिंहस्थ-28 के लिए चौड़ीकरण को अंजाम दिया जा रहा है। इसके लिए मकानों को तोड़कर पीछे किया जा रहा है और वर्तमान नालियों को बंद करने के साथ चौड़ीकरण के दायरे के अनुसार नई नालियों का निर्माण समयानुसार किया जा रहा है जिसकी गति कमजोर है। ऐसे में पुरानी नालियों में जाम की स्थिति बन रही है और गंदा पानी जमने से कीट एवं मच्छर पनप रहे हैं जो रहवासियों को काट रहे हैं। प्रभावित क्षेत्रों में कीट नियंत्रण के लिए पर्याप्त दवाई का छिड़काव भी नहीं किया जा रहा है। शहर में एक दो नहीं कई क्षेत्रों में चौड़ीकरण का



कार्य चल रहा है। इसके चलते नगर निगम नालियों से मलबा निकाल रहा है लेकिन उसकी गति धीमी होने से गंदा पानी सड़कों एवं डोबरों का रूप ले रहा है। ऐसे में पुरानी नालियों में भी गंदा पानी जमाव की स्थिति बन रही है और इससे क्षेत्रों में मच्छर का प्रकोप बढ़ रहा है। क्षेत्रीय रहवासियों के अनुसार चौड़ीकरण की शुरूआत से लेकर अब तक कीट नियंत्रण के लिए क्षेत्रों में दवाई का छिड़काव नहीं किया गया, इस कारण से मच्छरों की भरमार हो रही है और इससे परेशानी की स्थिति पैदा हो रही है। कोयला फाटक से कंठाल क्षेत्र हो चाहे नीलगंगा-गेल मार्ग हो या फिर जयसिंहपुरा क्षेत्र हो सभी जगह एक से हालात है।

नालियों का निर्माण की गति काफी धीमी है। चौड़ीकरण का काम भी धीमी गति से किया जा रहा है। इसके चलते नालियों में पानी का जमाव बराबर हो रहा है। नीलगंगा मार्ग पर डा.चमन सिंह ने बताया कि जब से चौड़ीकरण का काम शुरू हुआ है तब से क्षेत्र में फागिंग भी नहीं की गई है। नालियों में कीटनाशकों का उपयोग तो देखने में ही नहीं आया है।

### गंदे पानी में पनप रहे मच्छर-

कई झ कई दिनों तक पानी के जमाव के चलते उसमें मच्छर पनप रहे हैं और लोगों को भरपूर रूप से आहत कर रहे हैं। रहवासियों का कहना है कि पूर्व में कीट नियंत्रण के लिए नालियों में लाल दवाई डाली जाती थी। इसके साथ ही अन्य कीटनाशकों का उपयोग भी किया जाता था।

उज्जैन
शुक्रवार
27
मार्च, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

दर्शने स्पर्शणे वापि, श्रवणे भाषणेऽपि वा।
यत्र द्रवत्यन्तरङ्गं स, स्नेह इति कथ्यते।।

**अर्थः** अगर किसी को देखने, छूने, सुनने और बात करने से दिल खुश हो जाता है, तो वह प्यार है।

## खबर एक नजर...

### इंदौर में चाकू मारकर युवक की हत्याः शराब पार्टी के बाद विवाद में दोस्त ने किया वार

**इंदौर।** इंदौर के रावजी बाजार इलाके में रहने वाले एक युवक की उसके ही दोस्त ने चाकू मारकर हत्या कर दी। खून से लथपथ युवक को उपचार के लिए पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रावजी बाजार पुलिस के मुताबिक, घटना गुरूवार रात करीब साढे नौ बजे के लगभग हाथीपाला इलाके की है। यहां कालू उर्फ पिरोज पठान गंभीर हालत में खून से लथपथ पुलिस को मिला था। पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, कालू ने अपने दोस्त अरबाज के साथ शराब पी थी। इसके बाद दोनों साथ में निकले। रास्ते में उनके बीच विवाद हुआ, जिसमें अरबाज ने कालू को चाकू मार दिया। पुलिस मामले में अब आरोपी अरबाज की तलाश कर रही है। पुलिस के मुताबिक, कालू भी अपराधिक प्रवृत्ति का था। पुलिस पूरे मामले में जांच कर रही है।

### इंदौर में फर्जी एग्रीमेंट से दुकान कब्जाने का मामला दर्ज

**इंदौर।** इंदौर के सदर बाजार थाना क्षेत्र में एक महिला की शिकायत पर फर्जी एग्रीमेंट बनाकर दुकान पर कब्जा करने के मामले में पुलिस ने दंपति के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। आरोपियों ने पीड़िता को पुलिस का नाम लेकर धमकाया था। पुलिस के अनुसार गरीब नवाज कॉलोनी निवासी यास्मीन बी की शिकायत पर सितारा खान और रफीक खान के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पीड़िता के पति की 2020 में मौत हो चुकी है। यास्मीन बी ने बताया कि उन्होंने दुकान सामान रखने के लिए आरोपियों को दी थी। सामान निकालने के बाद भी दोनों ने दुकान पर ताला लगाकर कब्जा बनाए रखा। पीड़िता ने चाबी मांगी तो आरोपी टालमटोल करते रहे। बाद में उन्होंने दुकान खोलकर उसमें अपना सामान रख लिया और उसे अपनी संपत्ति बताने लगे। रफीक खान ने पीड़िता से कहा कि वह पुलिस वालों से जुड़ा है। ज्यादा विरोध करने पर झूठे केस में फंसाने की धमकी दी गई। शिकायत के बाद आरोपियों ने एक एग्रीमेंट पेश किया, लेकिन पुलिस जांच में वह फर्जी पाया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी और जबरन कब्जा करने के मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है।

### इंदौर में 10वीं की छात्रा ने किया सुसाइड

**इंदौर।** इंदौर के प्रकाशचंद सेठी नगर में रहने वाली एक 17 साल की छात्रा का शव गुरुवार सुबह उसके घर के कमरे में मिला। सुबह परिजनों ने पंखे से लटका शव देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को एमवाय अस्पताल भेजा। छात्रा रिजल्ट खराब आने को लेकर डिप्रेशन में चल रही थी।

# राम नवमीः इंदौर में साकेतधाम में होंगे प्रभू राम के दर्शन

## पंचामृत से होगा अभिषेक, दोपहर 12 बजे होगी जन्मोत्सव आरती

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर



प्राचीन रणजीत हनुमान मंदिर में रामनवमी का पर्व पूरे उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इसे लेकर पूरी तैयारी भी की जा चुकी है। रामनवमी पर मंदिर में साकेतधाम सजाया गया है। जहां प्रभू राम के दर्शन होंगे। गुरुवार से ही मंदिर में सजावट शुरू कर दी गई थी। भक्तों के लिए भी विशेष व्यवस्था की गई है, ताकि गर्मी में उन्हें परेशानी का सामना ना करना पड़े। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित दीपेश व्यास ने बताया कि रामनवमी के पर्व पर मंदिर में साकेतधाम सजाया गया है। ये अयोध्या का ही प्राचीन नाम है साकेत। रणजीत हनुमान मंदिर में साकेतधाम का स्वरूप दिया है। मंदिर में फूलों से सजावट भी की गई है। जिक-जैक पैटर्न में भक्त लाइन से भगवान के दर्शन कर सकेंगे। गर्मी को देखते हुए भक्तों को दिक्कत ना हो इसके लिए यहां 24 कूलर भी लगाए है।

उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर में रामनवमी पर सुबह 6 बजे सात दिवसीय अखंड रामायणजी की स्थापना की जाएगी। 3 अप्रैल को हनुमान जयंती के अगले दिन काकड़ आरती के बाद अखंड रामायणजी का समापन होगा। शुक्रवार सुबह 8 बजे रामजी का पंचामृत से अभिषेक किया जाएगा। इसके बाद रामजी का श्रृंगार होगा। 12 बजे रामजी की जन्मोत्सव आरती होगी। भक्तों को प्रसाद वितरत किया जाएगा और शाम को भजन संध्या का आयोजन होगा। रणजीत हनुमान मंदिर में रणजीत लोक का काम भी चल रहा है। जिसके मंदिर का मुख्य

# पेंटहाउस विवाद में पिता-पुत्र ने इंफोसिस इंजीनियर को रौंदा,मौत

## इंदौर में पिता ने बेटे से कहा- तू यहां आ जा, आज सबको बताना पड़ेगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर



इंदौर के शिव वाटिका की सागर समृद्धि में रहने वाली शंपा पाठक (पांडे) की जान लेने वाले पिता-पुत्र ने टाउनशिप के लोगों को सबक सिखाना चाहते थे। कई दिनों से जारी विरोध उन्हें नागवार गुजर रहा था। बुधवार को कुलदीप शाम करीब 7 बजे टाउनशिप पहुंचे। ऊपर के पेंटहाउस की लाइट कट जाने के कारण कैमरों में छेड़छाड़ करते हुए उन्होंने रहवासियों की बिजली का दी। जब बिल्डिंग के लोग पहुंचे, तो कुलदीप से कहासुनी हुई। उन्होंने बेटे से कहा, 'तू यहां आ जा, आज सबको बताना पड़ेगा।'

इसके बाद विवाद बढ़ गया। कुलदीप के बेटे मोहित उर्फ मोहनीश ने गुस्से में हेमंत शर्मा के सिर के बाल तक उखाड़ दिए। कार में बैठे पिता ने बाहर खड़े लोगों से कहा- हट जाओ, आज सबको मार डालूंगा। इसके बाद पिता-पुत्र ने तीन राउंड मारकर लोगों को टक्कर मारी और कार में बैठकर भाग निकले। कुलदीप की पत्नी भी उनके साथ कार में थी। वे सीधे पुलिस थाने पहुंचे और रहवासियों की एफआईआर दर्ज कराने के लिए दबाव बनाने लगे।

जानकारी के अनुसार, कुलदीप मेरागी प्रोजेक्ट्स कंसल्टेंट कंपनी की इंदौर ब्रांच में लीड इलेक्ट्रिकल इंजीनियर हैं, जबकि मोहित उर्फ मोहनीश क्एछळर परीक्षा की तैयारी कर रहा है।

बुधवार रात 10:30 बजे लसूडिया थाना क्षेत्र के एमआर-11 स्थित शिव वाटिका टाउनशिप में शंपा पाठक पांडे को पिता कुलदीप और उसके बेटे मोहित उर्फ मोहनीश चौधरी ने कुचल दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। शंपा इंफोसिस में सॉफ्टवेयर इंजीनियर थीं। 13 मार्च को वह दो बच्चों और पति के साथ अपने फ्लैट में शिफ्ट हुई थीं। पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर आरोपी और उसके पिता को गिरफ्तार कर लिया है।

लसूडिया इलाके के सागर समृद्धि में 18 साल के मोहित उर्फ मोहनीश चौधरी ने गुस्से में दो बच्चों के सिर से उनकी मां का साया छीन लिया। पिता कुलदीप ने उसका पूरी तरह साथ दिया। झगड़े को कम करने के बजाय उन्होंने मामले को और बढ़ाया। लोगों ने बताया कि कुलदीप ने करीब 7 बजे लगभग 15 फ्लैट की लाइट बंद कर दी।

### पति ने कहा- वह चाहता तो कार रोक सकता था

अयोध्या (उत्तर प्रदेश) के रहने वाले सौरभ पांडे ने बताया कि बुधवार रात को बिल्डिंग के नीचे शोर हो रहा था। यह सुनकर हम नीचे गए। कुछ देर में मारपीट होने लगी। इस बीच पेंटहाउस के मालिक का बेटा 60-70 की स्पीड में कार लाया।

पहले एक महिला कर्मचारी को घायल किया। फिर मेरी तरफ बढ़ा। मैं जैसे-तैसे बचा, लेकिन उसने मेरी पत्नी शंपा को चपेट में ले लिया। पहले पत्नी को बोनट लगा, लेकिन उसने कार नहीं रोकी। सीधे दीवार में जाकर टक्कर मार दी। पत्नी के सिर में बहुत ज्यादा चोट लगी। वह नीचे गिर गई। इसके बाद उसने कार चढ़ा दी। वह चाहता तो कार रोक सकता था।

# लॉरेंस बिश्नोई गैंग धमकी की जांच के लिए एसआईटी की गई गठित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर




मध्यप्रदेश पुलिस ने राज्य के विभिन्न जिलों में लॉरेंस बिश्नोई गैंग और उनके सहयोगी हैरी बॉक्सर (हरिश्चंद्र उर्फ हैरी बॉक्सर) के नाम पर कारोबारियों को दी जा रही करोड़ों रुपए की वसूली की धमकियों को गंभीरता से लेते हुए एक बड़ा कदम उठाया है। पुलिस मुख्यालय (एडिशनल डीजीपी, भोपाल) ने एक आधिकारिक आदेश जारी कर स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (रख्ळ) गठित की है, जो इन सभी मामलों की जांच करेगी।

यह टीम अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एएसटीएफ) के पर्यवेक्षण में काम करेगी। गैंग से जुड़े सभी मामले अंतरराष्ट्रीय संगठित गिरोह से जुड़े बताए जा रहे हैं, जिसमें विदेशी नंबर्स, वॉट्सऐप कॉल्स और श्ढठ का इस्तेमाल करके धमकियां दी जा रही हैं। धमकियों में जान से मारने और ₹बाबा सिद्दीकी जैसा हाल₹ करने की बात कही गई है। टीम का नेतृत्व राहुल कुमार लोढ़ा (पुलिस उप महानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक (रेल), भोपाल) करेंगे।

**एसटीएफ इन मामलों की जांच करेगी**-अशोकनगर थाना कोतवालीः अपराध क्रमांक 101/2026 (धारा 308(1), 308(2), 351(2) बीएनएस) इंदौर (देहात) थाना किशनगंजः अपराध क्रमांक 112/2026 (धारा 308(5), 351(4) बीएनएस) इंदौर (शहर) थाना तुकोगंजः अपराध क्रमांक 155/2026 (धारा 308(5), 351(4) बीएनएस) खरगोन थाना कसरावदः अपराध क्रमांक 94/2026 (धारा 308(4), 351(3) बीएनएस) भोपाल (शहर) थाना कोलार रोडः अपराध क्रमांक 183/2026 (धारा 351(4) बीएनएस) इंदौर (शहर) थाना क्राइम ब्रांचः अपराध क्रमांक 22/2026 (धारा 308(5), 351(4) बीएनएस)

### यह दिए है टीम को निर्देश

सभी केस की डायरी तत्काल रख्ळ्र को भेजकर प्रारंभिक जांच शुरू करना। जांच मुख्य रूप से भोपाल स्थित रख्ळ्र मुख्यालय से संचालित होगी। जरूरत पड़ने पर अन्य पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को टीम में शामिल किया जा सकता है। मौजूदा जांचकर्ता भी रख्ळ के सदस्य बने रहेंगे।

10-15 करोड़ की दी जा रही धमकी

यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब पिछले एक महीने में भोपाल, इंदौर, अशोकनगर, खरगोन आदि जगहों पर कई व्यापारियों को हैरी बॉक्सर के नाम पर 10-15 करोड़ रुपए की वसूली की धमकियां मिली हैं। कुछ मामलों में आरोपी गिरफ्तार भी हो चुके हैं, लेकिन मुख्य सूत्र विदेश (खासकर अमेरिका से संचालित) बताए जा रहे हैं।

## तीन महीने औसत खपत बना आधार, सेक्टरवार सिलेंडर आवंटन तय

# व्यावसायिक गैस वितरण में नई कोटा व्यवस्था लागू

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर



केंद्र सरकार ने व्यावसायिक गैस की आपूर्ति व्यवस्था में बड़ा बदलाव करते हुए अलग-अलग सेक्टर के लिए स्पष्ट कोटा निर्धारित कर दिया है। नई व्यवस्था का उद्देश्य आवश्यक सेवाओं और संस्थानों को प्राथमिकता देना और अनियमित वितरण और कालाबाजारी पर नियंत्रण लगाना है।

इंदौर में व्यावसायिक गैस सिलेंडरों का वितरण अब पिछले तीन माह की खपत के औसत के आधार पर किया जाएगा। प्रत्येक उपभोक्ता की दैनिक जरूरत तय कर उसी अनुपात में होटल, रेस्टोरेंट, कैटरिंग और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को सिलेंडर उपलब्ध कराए जाएंगे। इससे अचानक बढ़ी मांग या स्टॉक जमा करने जैसी प्रवृत्तियों पर अंकुश लगेगा और सभी उपभोक्ताओं को उनकी वास्तविक आवश्यकता के अनुसार गैस मिल सकेगी। खास बात यह है कि जिन उपभोक्ताओं ने कमर्शियल में पिछले तीन माह से कोई बुकिंग नहीं की है, उन्हें इसका लाभ नहीं मिलेगा।

नई व्यवस्था के तहत शैक्षणिक एवं चिकित्सा संस्थानों को उनकी जरूरत की 100% गैस उपलब्ध कराई जाएगी, जो कुल व्यावसायिक गैस का लगभग 30% हिस्सा होगा। होटल, रेस्टोरेंट और कैटरिंग सेक्टर को 9-9% गैस आवंटित की गई है। ढाबा और स्ट्रीट फूड वेंडर्स के लिए 7% गैस निर्धारित है। केंद्रीय सशस्त्र बल, पुलिस, जेल, सामाजिक न्याय विभाग के संस्थान तथा दीनदयाल रसोई योजना के लिए 35% गैस तय की गई है। फार्मास्यूटिकल, फूड प्रोसेसिंग, पोल्ट्री और सीड प्रोसेसिंग उद्योगों के लिए 5% तथा अन्य उद्योगों के लिए भी 5% गैस निर्धारित की गई है। इन सभी श्रेणियों को पिछले तीन माह की औसत खपत के अनुपात में सिलेंडर की सप्लाई की जाएगी। शहर में पाइप्ड नेचुरल गैस को प्रोत्साहित करने के प्रयास भी तेज कर दिए गए हैं। कलेक्टर शिवम वर्मा ने निर्देश दिए हैं कि जहां पाइपलाइन उपलब्ध है, वहां होटल और रेस्टोरेंट को पीएनजी कनेक्शन दिए जाएं।

## खबर एक नजर...

### सीवरेज चैम्बर मिली लाश की नहीं हुई पहचान

**उज्जैन।** चरक अस्पताल के सीवरेज चैम्बर केबीन में गुरूवार सुबह मिली युवक की 4 दिन पुरानी लाश की पहचान नहीं होने पर पुलिस ने दोपहर बाद पोस्टमार्टम कराकर दफना दी।

कोतवाली थाना एसआई गोपाल राठौर ने बताया कि सुबह 10 बजे के लगभग चरक अस्पताल से सूचना मिली थी कि इमरजेंसी कक्ष के पास बने सीवरेज चैम्बर केबिन दुर्गंध आने पर कर्मचारियों ने देखा तो एक युवक लाश पड़ी होना सामने आई है। सूचना पर पुलिस जांच के लिये चरक अस्पताल पहुंची। सीवरेज की गंदगी में पड़ा शव 3 से 4 दिन पुराना होना सामने आया। आसपास पूछताछ करने पर पता चला कि नशा करने का आदी था और फूटपाथ पर रहता था। कई बार उसे नशे की हालत में अस्पताल परिसर से सुरक्षाकर्मियों द्वारा भगाया भी जा चुका था। उसकी पहचान के प्रयास किये गये लेकिन कुछ पता नहीं चला। लाश 3 दिन से अधिक पुरानी होने और काफी दुर्गंध आने पर पोस्टमार्टम के बाद शव का दफनाया गया है।

### गिरफ्त में शराब की डिलेवरी करने आया युवक

**उज्जैन।** शराब की डिलेवरी करने निकला युवक पुलिस की घेराबंदी में पकड़ा गया। उसके पास से 31 हजार से अधिक की देशी शराब बरामद की गई। युवक के खिलाफ आबकारी का प्रकरण दर्ज कर जेल भेजा गया है।

पंवासा थाना एएसआई संतोष राव ने बताया कि सूचना मिली थी कि बिना नम्बर की ओला कंपनी की स्कूटी पर सवार एक युवक शराब की डिलेवरी करने जीवनपुरखेडा मोड़ पर आया हुआ है। तत्काल उसे पकड़ने के लिये थाना प्रभारी गमरसिंह मंडलोई के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक शेखर हरियाला और सैनिक गोवर्धन के साथ मिलकर घेराबंदी की गई। स्कूटी सवार युवक को पकड़ा गया जिसके पास से 2 झोले जप्त किये गये। जिसमें देशी शराब के 350 क्वार्टर भरे होना सामने आये। पूछताछ में युवक का नाम आनंद उर्फ रुद्र चौहान पिता कुन्दन चौहान 20 साल निवासी पुष्पांजली नगर चिमनगंज सामने आया। उससे बरामद शराब 31 हजार रूपये से अधिक की पाई गई। मामले में आबकारी की धारा 34 (4) का प्रकरण दर्ज किया और गुरूवार दोपहर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया।

### उज्जैन मे बना दिव्य माँ पीताम्बरा बगलामुखी धाम

# प्राण प्रतिष्ठा के साथ विराजमान हुई मां बगलामुखी





ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

शहर के बड़नगर रोड स्थित दंडी आश्रम के सामने महाअष्टमी पर भव्य पीतांबरा बगलामुखी धाम मे माँ बगलामुखी माता की प्राण प्रतिष्ठा सहित कई धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न हुये। प्रसिद्ध परम भगवती साधक तपोनिधि संत स्वामी श्री विजयानंदपुरी जी महाराज के प्रकल्प अनुसार भगवती का भव्य पीतांबरा बगलामुखी धाम निर्मित हो चुका है। जिसमे मूर्ती प्राण प्रतिष्ठा एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठान के द्वारा महाअष्टमी पर मूर्तियों की न्यास विधि, हवन एवं प्राण प्रतिष्ठा, शिखर स्थापना व कलश स्थापना एवं ध्वज स्थापना के साथ माता रानी की भव्य प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई और 27 मार्च नवमी पर शतचंडी बगलामुखी महायज्ञ की पुर्ण आहुती के बाद मन्दिर मे विशाल भंडारे का आयोजन होगा। इसी तारतम्य मे महाअष्टमी को महानिवार्णी अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर राजगुरु श्री विशोकानंद भारती महाराज जी के सान्निध्य मे माँ पिताम्बरा बगलामुखी धाम मे समस्त सन्त, महात्माओ का पूजन व सम्मान व भोजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इसके पुर्व गुजरात सरकार के पुर्व मंत्री एवं विधायक श्री मुकेश पटेल द्वारा सपत्नीक पूजन अभिषेक कर मन्दिर मे माँ भगवती की प्राण प्रतिष्ठा विधि समारोह अनुष्ठान मे पूजन कर देश एवं प्रदेश वासियो के लिये मंगल कामना व्यक्त की। इस अवसर पर भगवती साधक तपोनिधी सन्त श्री विजयानंदपूरी महाराज द्वारा अन्य सन्त समाजजनो की उपस्थिति मे शहर की समस्त जनता को महानवमी पर शतचंडी महायज्ञ की पुर्ण आहुती एवं विशाल भंडारे मे सम्मिलित होकर माँ भगवती का आशीर्वाद एव धर्म लाभ लेने का आह्वान किया है। आपको बता दे की मन्दिर मे 5 दिनो से मूर्ती प्राण प्रतिष्ठा संस्कार कार्यक्रम चल रहे थे नवमी से मन्दिर आम जन के लिये खौल दिया जायेगा।

मन्दिर प्रांगण मे माँ नलखेड़ा शक्ति पीठ की ही तरह यज्ञ शाला,हनुमान मन्दिर,साक्षी गोपाल मन्दिर,भैरव मन्दिर एवं मुख्य मन्दिर मे माता जी के साथ मे हरिद्रा गणेश एवं माता जी के पार्षद विराजमान है।

## सफलता उन्हीं को मिलती है, जिनके सपनों में जान होती है

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय, उज्जैन में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वाधान में ह्लअसफलता के भय को दूर कर सफलता कैसे प्राप्त करेंह्व विषय पर एक प्रेरणादायक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. अंजना बुंदेला द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन, दीप प्रज्वलन एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। मुख्य वक्ता डॉ. प्रतिभा शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि असफलता ही सफलता का द्वार खोलती है। उन्होंने छात्राओं को सफलता के विभिन्न आयामों से अवगत कराते हुए समय प्रबंधन, तनाव प्रबंधन, आत्मविश्वास, अनुशासन, निर्णय लेने की क्षमता, कार्य-रणनीति, निरंतरता तथा सकारात्मक सोच जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। साथ ही उन्होंने सफल व्यक्तियों के उदाहरण प्रस्तुत कर छात्राओं को प्रेरित किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता ने ह्लसफलता उन्हीं को मिलती है, जिनके सपनों में जान होती हैह्व पंक्तियों के माध्यम से छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि किसी भी कार्य की सफलता उसके समय पर पूर्ण होने में निहित होती है। उन्होंने छात्राओं को परिश्रम, आत्मविश्वास और अपनी क्षमता के अनुरूप लक्ष्य निर्धारण करने की प्रेरणा दी तथा संभावनाओं को पहचानकर उन्हें निखारने पर बल दिया।

कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन डॉ. अंजना बुंदेला द्वारा किया गया।

## सर्वसेन समाज का 41वां सामूहिक विवाह सम्मेलन 27 को, 36 जोड़े बंधेंगे परिणय सूत्र में

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव वर्चुअली जुड़ेंगे, नवदंपतियों को उपहार में मिलेगा मंगलसूत्र, अलमारी सहित गृहस्थी का सामान

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

मध्य प्रदेश गुजराती सेन समाज कल्याण समिति एवं युवा संगठन के तत्वावधान में 27 मार्च को आगर रोड स्थित सामाजिक न्याय परिसर में सर्वसेन समाज का 41वां सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। समारोह में मध्य प्रदेश और राजस्थान के विभिन्न जिलों के 36 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे।

सम्मेलन में उज्जैन, इंदौर, देवास, रतलाम, शाजापुर, मंदसौर, नीमच और राजस्थान के झालावाड़ सहित अन्य जिलों से जोड़े शामिल हो रहे हैं। कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव वर्चुअली जुड़ेंगे। विशेष अतिथि के रूप में वरिष्ठ उपाध्यक्ष नारायण यादव, सांसद अनिल फिरोजिया, उज्जैन उत्तर विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा, नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल, शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी, महापौर मुकेश टटवाल, निगम सभापति कलावती यादव, वरिष्ठ समाजसेवी रवि सोलंकी और नेता प्रतिपक्ष रवि राय उपस्थित रहेंगे।

सम्मेलन प्रभारी मनीष गोयल ने बताया कि यह आयोजन सम्मेलन अध्यक्ष बाबूलाल परमार और भरत भाटी के संयोजन में होगा। समारोह में 36 जोड़ों का पाणिग्रहण संस्कार संपन्न कराया जाएगा, जिसमें प्रदेश भर से बड़ी संख्या में समाजजन शामिल होंगे। कन्यादान के तहत नवदंपतियों को सोने के दाने का मंगलसूत्र, चांदी की बिछुड़ी, गोदरेज अलमारी, सोफा सेट, डबल बेड, बर्तन, प्रेशर कुकर, बिस्तर सेट सहित अन्य घरेलू सामग्री उपहार स्वरूप भेंट की जाएगी।

### मोनिका खलोटिया ने जीता ब्रॉन्ज मेडल

**उज्जैन।** गोवा में आयोजित 48वीं मास्टर वेटरन नेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप 2026 में उज्जैन की मोनिका खलोटिया ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया है। विक्रमादित्य बैडमिंटन क्लब की प्रतिभावान खिलाड़ी मोनिका ने यह पदक महिला एकल के 35 प्लस आयु वर्ग में हासिल कर न सिर्फ क्लब का, बल्कि पूरे उज्जैन शहर का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है।

### 350 कर्मचारियों के वेतन भुगतान, सीएमएचओ कार्यालय की अनियमितताओं और महिला कर्मचारियों की परेशानी पर अध्यक्ष को सौंपा गया ज्ञापन

# जिला पंचायत में गूंजी स्वास्थ्य कर्मचारियों की समस्याएं

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

जिला पंचायत उज्जैन की साधारण सभा की बैठक में स्वास्थ्य कर्मचारियों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए विधायक एवं जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि जितेन्द्र मंडोरा ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल निर्देशित करने का प्रस्ताव रखा। न्यू बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के सदस्यों ने जिला पंचायत अध्यक्ष कमलाकुंवर अंतरसिंह देवड़ा को अपनी मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। जिला पंचायत अध्यक्ष और जितेन्द्र मंडोरा ने बैठक में स्वास्थ्य कर्मचारियों द्वारा प्रस्तुत ज्ञापन में उल्लेखित बिंदुओं को निराकरण के लिए रखा।

बैठक में जितेन्द्र मंडोरा ने कर्मचारियों की समस्याओं का मुद्दा उठाते हुए बताया कि स्वास्थ्य विभाग के 350 से अधिक कर्मचारियों को फरवरी माह का वेतन नहीं मिला है। साथ ही कर्मचारियों के एचआरए, हड़ताल अवधि का वेतन और समयमान वेतनमान के लंबित एरियर की राशि का भुगतान भी नहीं किया जा रहा है। उन्होंने लंबित भुगतान तत्काल करवाए जाने के निर्देश देने की मांग की।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी उज्जैन कार्यालय की स्थापना शाखा में व्याप्त अनियमितताओं का मुद्दा भी उठाया गया। बताया गया कि मूल रूप से मलेरिया विभाग का तकनीकी कर्मचारी प्रभाकर त्रिपाठी स्थापना शाखा में नियम विरुद्ध कार्य कर रहा है। मूल संस्था में भेजने के आदेश के बावजूद वह स्थापना शाखा में बैठकर जानबूझकर लापरवाही और अनियमितताएं कर रहा है। महत्वपूर्ण आदेशों में कर्मचारियों के नाम गलत दर्ज कर बाद में संशोधन आदेश के नाम पर उन्हें परेशान किया जा रहा है। इस कार्यप्रणाली से विभाग के समस्त कर्मचारियों में भारी आक्रोश पनप रहा है।

जितेन्द्र मंडोरा ने कहा कि महिला कर्मचारियों पर पारिवारिक दायित्वों के साथ शासकीय जिम्मेदारियों के निर्वहन का भी दबाव रहता है, जिसके चलते जल्दबाजी में मोबाइल घर भूल जाने से ई-अटेंडेंस दर्ज करना मुश्किल हो जाता है। ग्रामीण क्षेत्र में कार्यरत सभी कर्मचारियों को कर्मचारी हित में ई-अटेंडेंस से मुक्त रखना अतिआवश्यक है। इसके अतिरिक्त शासन के निर्देश हैं कि 55 वर्ष से अधिक उम्र की एएनएम से ऑनलाइन एंट्री नहीं करवाई जाए। ऑनलाइन एंट्री ऑपरेटर के माध्यम से करवाने के निर्देश होने के बावजूद एएनएम पर दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने शासन के निर्देशों के पालन में संबंधित बीएमओ को ऑनलाइन एंट्री ऑपरेटर के माध्यम से करवाने के लिए निर्देशित करने की मांग रखी।

न्यू बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष सत्यप्रकाश अहिरवार ने बताया कि यह पहली बार है जब किसी जनप्रतिनिधि ने जिला पंचायत की बैठक में स्वास्थ्य कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए पुरजोर तरीके से उनके तत्काल निराकरण के लिए अपनी बात रखी है। अहिरवार ने समस्त कर्मचारियों की ओर से जिला पंचायत अध्यक्ष और जितेन्द्र मंडोरा का हृदय से आभार व्यक्त किया। ज्ञापन सौंपते समय संघ के जिला संयोजक अजय परमार, संभागीय उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण गहलोत, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र अहिरवार और संभागीय अध्यक्ष रफीक मंसूरी आदि उपस्थित थे।

## खबर एक नजर...

### चाकू से हमला करने वाले बदमाश पर लगाई रासुका

उज्जैन। 22 मार्च की शाम पंवासा चौराहा पर मोबाइल को लेकर हुए विवाद में रोहित पिता राजेश बैरागी पर चाकू से जानलेवा हमला करने वाले बदमाश अजय उर्फ पप्पी ठाकुर निवासी बापूनगर को पंवासा थाना पुलिस ने चिमनगंज थाना पुलिस टीम के साथ घेराबंदी कर गुरूवार को आगररोड से गिरफ्तार कर लिया। पंवासा थाना प्रभारी गमरसिंह मंडलोई ने बताया कि आरोपी के खिलाफ 14 से 15 अपराध पूर्व में भी दर्ज है। उसे जानलेवा हमला करने के आरोप में गिरफ्तार कर उसके खिलाफ राज्य सुरक्षा अधिनियम (रासुका) की कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

### गरोठ ब्रिज पर रात 2.30 बजे ट्रकों के बीच भिड़ंत

**उज्जैन।** खिचलीपुर गरोठ ब्रिज पर बुधवार-गुरूवार रात 2.30 बजे ट्रक अनियंत्रित हो गया और 2 ट्रकों को टक्कर मार दी। घटनाक्रम के बाद कुछ देर के लिये ब्रिज पर आवागमन बाधित हुआ। ट्रकों के बीच हुई टक्कर की खबर मिलने पर चिमनगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं टक्कर लगाने पर क्षतिग्रस्त ट्रकों को ब्रिज से हटाकर आवागमन शुरू कराया। गुरूवार को मामले में क्षतिग्रस्त ट्रक चालक आशीष पिता सुनील गोस्वामी निवासी छतरपुर पहाडी न्यू दिल्ली और नौशाद पिता सुबराती मेव निवासी मेवात हरियाणा की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया गया।

### परिजन बोले सालों पहले घर छोड़ चुका था नितेश

**उज्जैन।** नागझिरी थाना पुलिस ने 3 दिन पहले हामूखेड़ी के पास से बेसुध पड़े व्यक्ति को चरक अस्पताल में उपचार के लिये भर्ती कराया था। जिसकी बुधवार-गुरूवार रात मौत हो गई। पुलिस के उसके पास से कागज पर लिखा एक मोबाइल नम्बर मिला था। संपर्क करने पर पता चला कि मृतक नितेश पिता मुरलीधर परमार निवासी दकाचिया इंदौर का रहने वाला है। पुलिस ने उसके निधन की खबर दी, गुरूवार दोपहर कुछ रिश्तेदार उज्जैन पहुंचे और बताया कि सालों पहले घर छोड़कर चला गया था। 15 साल पहले पिता की मौत हुई थी, उस दौरान कुछ घंटे के लिये आया था। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों-रिश्तेदारों को सौंपा, जिसे अंतिम संस्कार के लिये इंदौर ले जाया गया है।

### मृतक की हुई पहचान, मंडी में करता था काम

उज्जैन। जीवाजीगंज थाना पुलिस ने बुधवार शाम आशु मेतरानी माता मंदिर के पास से एक युवक का शव बरामद किया था। जिसके हाथ पर वीके लिखा और जेब से सल्फास का जहरीला पाऊच मिला था। उसकी पहचान करने के लिये सोशल मीडिया पर फोटो वायरल किया गया था। गुरूवार सुबह मृतक की पहचान नितेश जोशी निवासी उन्हेल के रूप में हो गई।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 235-0 | 478-9 |
| मेन बाजार | 577-9 | 167-4 |
| मिलन डे | 159-5 | 158-4 |
| मिलन नाइट | 146-1 | 137-1 |

| | | |
|---|---|---|
| 4 | 8 | 9 |

### केडी गेट निवासी गोताखोर जुम्मा ने निकाला, पूर्व में भी निकल चुका था महिला पुलिसकर्मी का शव

# विष्णु सागर से मिला लापता ढाई साल की बालिका का शव

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

विष्णु सागर से गुरुवार शाम लापता हुई बालिका का शव आज सुबह केडी गेट के गोताखोर ने कुछ देर की तलाश के बाद खोज निकाला। उक्त गोताखोर कुछ महीनों पहले 3 दिन से डूबी महिला पुलिसकर्मी का शव भी निकालने में सफल रहा था।

नीलगंगा थाना क्षेत्र के राजीव रत्न मल्टी में रहने वाला सिख परिवार गुरूवार को पिकनीक मनाने के लिये विष्णु सागर आया था। पिकनीक पर परिवार की महिलाएं और बच्चे थे। शाम 4:30 के लगभग परिवार में शामिल ढाई वर्षीय रवनीत पिता मनप्रीतसिंह परिवार को दिखाई नहीं दी तो उसकी तलाश शुरू की गई। बालिका का कुछ पता नहीं चला, परिवार को बदहवास देख विष्णु सागर आये सतीश परिहार निवासी अब्दालपुरा ने पुलिस को सूचना दी। मासूम बालिका के लापता होने खबर सामने आते ही जीवाजीगंज थाने का पूरा स्टॉफ विष्णु सागर पहुंच गया।



#### एसडीआरएफ टीम ने तलाब में की सर्चिंग

विष्णु सागर में तलाब बना हुआ है। बालिका के नहीं मिलने पर उसके तालाब में गिरने की आशंका को देखते हुए पुलिस ने होमगार्ड की एसडीआरएफ टीम को बुला लिया था। टीम द्वारा पूरे तालाब में सर्चिंग की गई। इस दौरान गोताखोर भी पहुंचे थे। लेकिन तालाब में बालिका के गिरने की संभावना सामने नहीं आ पाई। इस दौरान आसपास के क्षेत्र में जैसे ही बालिका के लापता होने की खबर फैली विष्णु सागर में लोगों की भीड़ जमा हो गई। हर कोई बालिका का पता लगाने की कोशिश में लगा था।

बालिका की तलाश शुरू की गई। बालिका के लापता होने की खबर पर परिवार के पुरूष भी विष्णु सागर पहुंच गये थे। बालिका के विष्णु सागर में बने तालाब में डूबने की आशंका को देखते हुए होमगार्ड की एसडीआरएफ टीम द्वारा सर्चिंग की गई लेकिन कुछ पता नहीं चला। पुलिस द्वारा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे भी देखना शुरू किए गए। बालिका के लापता होने पर उसका फोटो पूरे शहर के पुलिस स्टॉफ के शेयर किया गया। हर थाने की पुलिस बालिका की तलाश में लगी है। लेकिन देर रात तक बालिका का पता नहीं चल पाया था। आज सुबह बालिका की तलाश में केडी गेट का रहने वाला गोताखोर जुम्मा अपने साथी के साथ पहुंचा और उसने बालिका की तलाश तालाब में शुरू की कुछ देर बाद ही बालिका का शव तालाब से निकाल लिया गया।

# कैमरे में दिखा मकान के ताला तोड़ने वाला बदमाश

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

केन्द्रीय जेल के चार प्रहरियों के शासकीय क्वार्टर का ताला तोड़ने वाला एक बदमाश कैमरे में दिखाई दिया है। 2 प्रहरियों ने चोरी की शिकायत पुलिस से की, लेकिन गुरूवार तक प्रकरण दर्ज नहीं किया गया था।

भैरवगढ़ केन्द्रीय जेल प्रहरी सतीश मिश्रा ने बताया कि सोमवार को वह ग्वालियर से आये परिवार के साथ ओंकारेश्वर दर्शन करने गया था। रात 3 बजे वापस लौटा तो शासकीय क्वार्टर का ताला टूटा मिला। मामले की सूचना भैरवगढ़ थाना पुलिस को दी गई। रात में पुलिस की डायल 112 जेल परिसर पहुंची, इस दौरान पता चला कि प्रहरी अशोक याग्निक, राम खिलाड़ी और रामेश्वर निनामा के क्वार्टर का ताला भी टूटा हुआ है। राम खिलाड़ी बेटी की शादी होने पर भिंड़ गया हुआ है। रामेश्वर निनामा भी परिवार के शादी होने पर धार गया है। वहीं अशोक याग्निक नानाखेड़ा स्थित परिवार से मिलने गया हुआ था। प्रहरी सतीश ने



बताया कि बदमाश उसके मकान से 2 सोने की अंगूठी और 30 हजा रुपए नगद चुराकर ले गये है। अशोक के क्वार्टर में कुछ नहीं था। राम और रामेश्वर के लौटने पर उनके यहां हुई चोरी की जानकारी सामने आ पायेगी। बुधवार को पुलिस ने अशोक और उससे शिकायती आवेदन लेकर जांच का आश्वासन दिया लेकिन गुरूवार शाम तक प्रकरण दर्ज नहीं किया, जबकि आसपास कैमरों के फुटेज देखने पर जेल मार्ग पर आरो प्लांट के कैमरे में एक बदमाश दिखाई दिया है, जो रात 1.10 बजे के लगभग दिखाई दे रहा है। लेकिन उसका चेहरा स्पष्ट नहीं हो पा रहा है।

### विवाद में बीच-बचाव करना ग्रामीण को पड़ा भारी

उज्जैन। नागदा में कोटा फाटक के पास शराब दुकान के सामने 2 लोगों को विवाद करता देख श्रीराम कालोनी नागदा में रहने वाला महेन्द्र पिता बाबूलाल उचेनिया बीच-बचाव करने पहुंच गया। लेकिन विवाद करने वालों ने उसके साथ ही मारपीट शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। नागदा पुलिस ने महेन्द्र की शिकायत पर अज्ञात 2 व्यक्तियों के खिलाफ मारपीट करने का प्रकरण दर्ज किया है।

### पुरानी रंजीश में रिश्तेदारों के बीच चले लात-घूंसे

उज्जैन। घट्टिया थाना क्षेत्र के ग्राम भूतिया में बुधवार-गुरूवार रात वाघेला परिवार के 2 पक्षों में विवाद हो गया। कहासुनी लात-घूंसों में बदल गई। एक पक्ष से 81 वर्षीय भैरूलाल पिता पीरू वाघेला और दूसरी ओर से राजेश पिता वीरेन्द्रसिंह वाघेला 30 साल घायल हुए है। दोनों परिवारों के बीच पुरानी रंजीश चली आ रही है। रात में दोनों के परिवार रंजीश के चलते आमने-सामने हो गये थे। पुलिस ने क्रास प्रकरण दर्ज किया है।

# क्षिप्रा नदी से 3 दिन बाद मिली ड्रायवर की लाश

### कार मिलने के बाद 2 दिनों तक चला था सर्चिंग अभियान

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

क्षिप्रा नदी ऋणमुक्तेश्वर ब्रिज से कार मिलने के बाद ड्रायवर की तलाश में 2 दिनों तक सर्चिंग अभियान चलाया गया, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। तीसरे दिन गुरूवार को उसकी लाश सर्चिंग स्थल से 1 किलोमीटर दूर मिल गई।

जीवाजीगंज थाना प्रभारी विवेक कनोडिया ने बताया कि सुबह कुछ लोगों ने सूचना दी कि वाल्मिकीधाम के पास क्षिप्रा नदी में एक युवक का शव किनारे पर दिखाई दे रहा है। पुलिस के पहुंचने पर शव को बाहर निकाला गया। जिसकी पहचान अनिल पिता आंनद सोलंकी निवासी मोहननगर के रूप में हुई। सोमवार तड़के उसके कूदने की आशंका तिलकेश्वर कालोनी के रहने वाले ऋषभ सोलंकी ने जताई थी और बताया था कि अनिल उनके यहां ड्रायवरी करता था। उसे रविवार शाम कार लेकर घर आने के लिये कहा था, लेकिन वह नहीं आया। रातभर उसे कॉल किया लेकिन मोबाइल रिसिव नहीं किया। कार में जीपीएस लगा था, जिसे ट्रेक करने पर कार ऋणमुक्तेवर मंदिर के पास क्षिप्रा ब्रिज पर खड़ी मिली। जिसमें अनिल का मोबाइल, पर्स और चप्पल मिली है। थाना प्रभारी के अनुसार 3 दिन बाद शव मिलने पर परिजनों को बुलाया गया, मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया है। थाना प्रभारी के अनुसार अनिल सोलंकी की पत्नी कुछ सालों से अलग इंदौर में रह रही थी। वहीं भाई और परिवार भी अलग रहता है। जिनका अनिल से संपर्क काफी कम था। उसके नदी में कूदने की जानकारी मिलने पर पत्नी कोमल इंदौर से लौटी थी और गुमशुदगी चिमनगंज थाने में दर्ज कराई थी। अनिल ने नदी में छलांग क्यों लगाई, इसकी वजह सामने नहीं आई है।

# अभिभाषक पर किया था कातिलाना हमला, रिमांड पर 6 आरोपी

## मुख्य आरोपी की पत्नी जेल में, 3 फरार साथियों की तलाश

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

कॉफी क्लब के बाहर अभिभाषक पर कातिलाना हमला करने वाले 6 आरोपियों को 5 दिन बाद गुरूवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। सभी को कोर्ट में पेश कर 28 मार्च तक रिमांड पर लिया गया है। मुख्य आरोपी की पत्नी को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका था।

नानाखेड़ा थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि 20 मार्च को रात 11 बजे विश्वविद्यालय मार्ग पर रहने वाला अभिभाषक यश पिता योगेश भार्गव 27 साल दोस्त के साथ ट्रेजर बाजार के पास कॉफी क्लब पर आया था। कॉफी पीने के बाद लौटते समय आशीष पिता अशोक सारवान निवासी दानीगेट ने अपनी पत्नी आकृति सारवान और 8 अन्य साथियों के साथ मिलकर अभिभाषक पर कातिलाना हमला कर दिया था। मामले में



जानलेवा हमला करने की धारा 109 (1), 191 (2) आशीष सारवान और उसकी पत्नी के साथ अन्य के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया। 2 दिन बाद पत्नी को गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया गया था। बुधवार रात आशीष के ठिकानों पर दबिश देकर उसे हिरासत में लिया गया और पूछताछ के बाद उसके पांच साथी विजय उर्फ टोनी पिता अशोक कुमार जयसवाल त्रिवेणी हिल्स, राजा उर्फ राजेश पिता रमेश परमार एकता नगर, राहुल उर्फ अनमोल पिता रामेश्वर बैरागी कृष्णा रेसिडेंसी, विजेन्द्र उर्फ राजेश पिता भंवर सिंह गंगवाल संत रविदास नगर और पंकज उर्फ पंकेश पिता शांतीलाल सिलोदिया, निवासी महुखेड़ी को गिरफ्तार किया गया। गुरूवार सभी को कोर्ट में पेश कर 28 मार्च तक रिमांड पर लिया गया है। इस दौरान सामने आया कि हमले में उनके साथ विक्की चौहान, सागर सूर्यवंशी और सौरभ भी शामिल थे। थाना प्रभारी के अनुसार तीनों फरार आरोपियों की तलाश जारी है। घटनाक्रम के बाद निजी अस्पताल में भर्ती घायल अभिभाषक ने बताया था कि जनवरी माह में कार पार्किंग की बात पर आशीष से विवाद हुआ था। उसी रंजीश में उसके द्वारा हमला किया गया है। रिमांड अवधि में आरोपियों से हमले में प्रयुक्त हथियार बरामद किये जायेगें।

#### नीलकंठ द्वार के पास प्लास्टिक गोदाम में आगजनी

उज्जैन। महाकाल लोक नीलकंठ द्वार के पास बुधवार-गुरूवार रात 3 बजे के लगभग प्लास्टिक गोदाम में आग लग गई। तत्काल ही फायर फायर बिग्रेड ने पहुंचकर आग पर काबू पा लिया। आगजनी में कोई जनहानि नहीं हुई, वहीं गुरूवार शाम तक मामले में गोदाम मालिक ने शिकायत भी दर्ज नहीं कराई। महाकाल थाना प्रधान प्रधान आरक्षक श्रवण कुमार ने बताया कि रात में नीलकंठ द्वार के पास होटल नसीब की गली में प्लास्टिक गोदाम में आग लगने की खबर मिलते ही पुलिस और फायर बिग्रेड की दमकले पहुंची थी। गोदाम गली में था जिसके चलते दमकल कर्मियों को आग पर काबू पाने में मशक्कत करना पड़ गई। लेकिन कुछ देर में आग पर काबू पा लिया गया। जांच के दौरान सामने आया कि गोदाम में प्लास्टिक कटलरी का सामान रखा हुआ था। गोदाम का संचालन नजाकत पिता शौकत अली द्वारा किया जाता है। आग लगने की वजह शार्ट सर्किट होना बताया जा रहा था। गोदाम में ई-रिक्शा खड़ी थी, जो चार्जिंग पर लगी थी।

## खबर एक नजर...

### आज रामनवमी पर निकलेगा वीरभद्र ध्वज चल समारोह

**उज्जैन।** प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी आज रामनवमी के पावन पर्व पर ऐतिहासिक वीरभद्र ध्वज चल समारोह का भव्य आयोजन किया जा रहा है। वीरभद्र ध्वज चल समारोह समिति के तत्वावधान में यह समारोह महाकाल इंटरनेशनल चौराहे से शाम 7:00 बजे आरंभ होगा। यह ध्वज चल समारोह महाकाल इंटरनेशनल चौराहे से शुरू होकर शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए रात्रि 9:30 बजे गोपाल मंदिर पहुंचेगा। इस बार ध्वज चल समारोह में मध्य प्रदेश के अलग-अलग जिलों से आए बैंड और आकर्षक झांकियां मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेंगी, जो समारोह की भव्यता को और बढ़ाएंगी। आयोजन को लेकर महाकाल इंटरनेशनल चौराहा मित्र मंडल ने शहर की समस्त सनातनी धर्मप्रेमी जनता से अनुरोध किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस ऐतिहासिक वीरभद्र ध्वज चल समारोह में पधारकर धर्म लाभ अर्जित करें और इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाएं।

### रामनवमी पर हुआ मध्य प्रदेश गुजराती सेन समाज ट्रस्ट का 41वां सामूहिक विवाह सम्मेलन

**उज्जैन।** मोहनपुरा, बड़नगर रोड स्थित चार भुजा गार्डन में मध्य प्रदेश गुजराती सेन समाज ट्रस्ट के तत्वावधान में रामनवमी (26 मार्च) के पावन पर्व पर सर्व सेन समाज का 41वां निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस समारोह में 29 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे।

प्रदेश अध्यक्ष अशोक चौहान, ट्रस्ट अध्यक्ष संतोष वर्मा, कैलाश चौहान, समिति अध्यक्ष गुड्डू पहलवान ने बताया कि कार्यक्रम को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वर्चुअली संबोधित किया। उन्होंने नवदंपतियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सभी 29 जोड़ों को 11-11 हजार रुपये और मध्य प्रदेश गुजराती सेन समाज ट्रस्ट विवाह समिति को एक लाख रुपये देने की घोषणा की। समारोह में समाज की ओर से एक अनुकरणीय पहल करते हुए सड़क सुरक्षा का संदेश दिया गया, जिसके तहत उपहार सामग्री के साथ प्रत्येक दूल्हे को सुरक्षा के दृष्टिकोण से हेलमेट भेंट किया गया।

समारोह में देश भर से हजारों समाजजन और कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। मुख्य अतिथियों में भाजपा नेता सुरेंद्र यादव, पार्षद सुशील श्रीवास, पिछड़ा मोर्चा नगर अध्यक्ष प्रकाश जायसवाल, महामंत्री पुष्कर यादव, उपाध्यक्ष संतोष पंवार, अमित श्रीवास्तव, जितेंद्र पटेल, इंदौर के उद्योगपति व पूर्व जिला अध्यक्ष चिंटू वर्मा, शिव नारायण गहलोत, संजय भाती, शिवनारायण झाला, महेंद्र सेन, महावीर सेन और नीलेश वर्मा शामिल रहे। आयोजन में ट्रस्ट संरक्षक अशोक राठौर, प्रदेश अध्यक्ष अशोक चौहान, ट्रस्ट अध्यक्ष संतोष वर्मा, कैलाश चौहान, समिति अध्यक्ष गुड्डू पहलवान, संभाग अध्यक्ष परमानन्द सेन, ट्रस्ट उपाध्यक्ष सुरेश सोलंकी, ट्रस्ट सदस्य कैलाश चौहान, मंदिर व्यवस्थापक देवेंद्र देवड़ा, समिति व्यवस्थापक बाबूलाल वर्मा सिलोदा रावल, पुरुषोत्तम राठौर, नगर अध्यक्ष ओम वर्मा लाहोरी आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

**अत्याधुनिक केंद्र में छात्रों और पेशेवरों को मिलेगा सतत निर्माण तकनीकों का प्रशिक्षण, कौशल विकास और शोध को मिलेगा बढ़ावा**

# इंजीनियरिंग कॉलेज में 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' का उद्घाटन, निर्माण क्षेत्र में नवाचार और अनुसंधान को मिलेगी रफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

निर्माण क्षेत्र में नवाचार, कौशल विकास और सतत तकनीकों पर अनुसंधान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अल्ट्राटेक सीमेंट ने उज्जैन इंजीनियरिंग कॉलेज के सहयोग से कॉलेज परिसर में अत्याधुनिक 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' की स्थापना की है। यह केंद्र आधुनिक निर्माण चुनौतियों के समग्र समाधान और इंजीनियरिंग समुदाय के साथ सहयोग मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस नवनिर्मित केंद्र में अल्ट्राटेक के विविध निर्माण समाधानों का प्रदर्शन किया गया है। इनमें रेडीप्लास्ट, टाइल चिपकाने वाले पदार्थ, वॉटरप्रूफिंग सिस्टम, इंडस्ट्रियल ग्राउट्स और वैल्यू-ऐडेड कंक्रीट उत्पाद शामिल हैं।

उत्पाद प्रदर्शनी के साथ ही यह केंद्र अनुसंधान, विकास और ज्ञान विनिमय के मंच के रूप में भी कार्य करेगा। इसका मुख्य उद्देश्य समाज के लिए सतत निर्माण सामग्रियों पर केंद्रित समाधान विकसित करना है। इसके तहत एप्लीकेटर्स, कॉन्ट्रैक्टर्स और बिल्डर्स के लिए कौशल विकास कार्यक्रमों का संचालन किया जाएगा। साथ ही, भावी इंजीनियरों, आर्किटेक्ट्स और टेक्नोक्रेट्स के बीच आधुनिक बिल्डिंग सॉल्यूशंस को लेकर जागरूकता बढ़ाई जाएगी।



इस केंद्र में निर्माण प्रौद्योगिकी की नवीनतम प्रगति पर तकनीकी सेमिनार, कार्यशालाएं, सम्मेलन और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। छात्रों को वैश्विक औद्योगिक रुझानों से जोड़ने के लिए औद्योगिक भ्रमण, विशेषज्ञ व्याख्यान और उद्योग पेशेवरों के साथ संवाद की सुविधा मिलेगी। साथ ही सीमेंट और निर्माण सामग्रियों के क्षेत्र में संयुक्त परियोजनाएं शुरू कर सहयोगात्मक अनुसंधान को प्रोत्साहित किया जाएगा। इंजीनियरिंग कॉलेज की यह पहल उद्योग और शैक्षणिक जगत के सहयोग को उल्लेखनीय रूप से मजबूत करेगी। इससे पेशेवरों, सरकारी निकायों और छात्रों में समाधान-उन्मुख सोच विकसित करने के लिए एक सशक्त मंच मिलेगा।

### उद्घाटन समारोह में इनकी रही उपस्थिति

सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के उद्घाटन समारोह में प्रमुख अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता एच. आर. राठौर, इंजीनियरिंग कॉलेज के प्राचार्य डॉ. उमेश पेंढारकर, सिविल इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष डॉ. बी. के. सिंह और अल्ट्राटेक के क्षेत्रीय प्रमुख सेल्स एवं मार्केटिंग अभि. निलेश अग्रवाल उपस्थित रहे।

### कैट का 'वाट्सअप से व्यापार' ऑनलाइन सेमिनार आज

**उज्जैन।** कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) मध्य प्रदेश द्वारा व्यापारियों को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ने के लिए 'वाट्सअप से व्यापार' विषय पर एक विशेष डिजिटल ऑनलाइन सेमिनार का आयोजन 27 मार्च को शाम 4.00 बजे किया जा रहा है। कैट के संभागीय अध्यक्ष मोदी अवतन्स जैन ने यह जानकारी देते हुए बताया कि वाट्सअप के सहयोग से आयोजित इस विशेष सत्र में व्यापारियों को अपना व्यवसाय तेजी से बढ़ाने के गुर सिखाए जाएंगे। सेमिनार में विस्तार से समझाया जाएगा कि व्यापारी वाट्सअप के माध्यम से ग्राहकों तक अपनी पहुंच कैसे बढ़ाएं, आर्डर और कस्टमर मैनेजमेंट को कैसे आसान बनाएं तथा अपने व्यापार को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आगे कैसे ले जाएं। कैट के प्रदेश अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, महामंत्री राजीव खण्डेलवाल, प्रदेश संगठन मंत्री राज कुमार गुप्ता "प्रिन्स" एवं भोपाल जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि इस सेमिनार में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमेश गुप्ता और राष्ट्रीय संगठन मंत्री भूपेन्द्र जैन विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

# लायंस रीजन कॉन्फ्रेंस सहर्ष 2026, 29 मार्च को

### आयोजन के लिए विभिन्न समितियां गठित

### विशेष सेवा और प्रशासनिक कार्यों के लिए रीजन के उत्कृष्ट क्लब और व्यक्ति होंगे सम्मानित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

लायंस क्लब इंटरनेशनल के रीजन-01 के तत्वावधान में रीजन कॉन्फ्रेंस ₹सहर्ष₹ 2026 का गरिमामय आयोजन आगामी रविवार, 29 मार्च 2026 को कोठी रोड स्थित सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के 'स्वर्ण जयंती हॉल' में होने जा रहा है। रीजन चेयरपर्सन लायन डॉ. सत्येंद्र श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले इस सम्मेलन के मुख्य वक्ता पीएमजेएफ लायन टी.वी. श्रवण कुमार, एल.सी.आई.एफ. एरिया लीडर (मल्टीपल डिस्ट्रिक्ट 3233 एवं 3234) रहेंगे। सम्मेलन की मेजबानी लायंस क्लब उज्जैन डायमंड कर रहा है।

मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, इस कॉन्फ्रेंस का प्रमुख उद्देश्य रीजन के अंतर्गत आने वाले विभिन्न क्लबों और उनके सदस्यों के उत्कृष्ट कार्यों को मान्यता देना और उन्हें प्रोत्साहित करना है। सम्मेलन में उन क्लबों अथवा विशिष्ट व्यक्तियों को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने चालू सत्र के दौरान सेवा प्रकल्पों, प्रशासनिक क्षेत्र या किसी अन्य विशेष कार्य में असाधारण प्रदर्शन कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई है।

सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन प्रवीण वशिष्ठ (डिस्ट्रिक्ट 3233 जी 2) उपस्थित रहेंगे। विशेष अतिथियों में प्रथम वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन महेश मालवीय, एमजेएफ लायन जयप्रकाश त्रिपाठी, द्वितीय वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ लायन पंकज मारु और सम्राट विक्रमादित्य वि.वि. के कुलसचिव डॉ. अर्पण भारद्वाज शिरकत करेंगे। रीजन कॉन्फ्रेंस के लिए चेयरपर्सन एमजेएफ लायन संजय मित्तल, सचिव एमजेएफ लायन जे.पी. पंचारिया और कोषाध्यक्ष लायन अमित शुक्ला की टीम सक्रिय रूप से कार्य कर रही है।

कॉन्फ्रेंस को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया है। इनमें आशीर्वाद दाता, सलाहकार समिति, स्वागत समिति, रजिस्ट्रेशन समिति, स्वागत एवं तिलक समिति, किट वितरण समिति, आई.टी., कॉन्फ्रेंस व्यवस्था समिति, मंच व्यवस्था, पुरस्कार वितरण समिति, प्रोटोकॉल ऑफिसर, चिकित्सा सेवा समिति, बैनर प्रस्तुतीकरण, भोजन समिति, फोटो एल्बम, स्क्रैप बुक व पिन कलेक्शन, लक्की ड्रॉ और मीडिया प्रभारी शामिल हैं। सम्मेलन का कार्यक्रम सुबह 9.30 बजे रजिस्ट्रेशन एवं अल्पाहार के साथ प्रारंभ होगा। इसके पश्चात 10.30 बजे कॉन्फ्रेंस का विधिवत शुभारंभ, 11.00 बजे सम्मान समारोह और 12.00 बजे बैनर प्रस्तुतीकरण किया जाएगा। अंत में, दोपहर 2.30 बजे स्वरुचि भोज के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। रीजन चेयरपर्सन डॉ. श्रीवास्तव ने सभी क्लब पदाधिकारियों और सदस्यों से इस महत्वपूर्ण आयोजन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने का आग्रह किया है।



# कलम जब भी उठाओ साथी, मन में हिंदुस्तान रहे: पं व्यास

### प्रेमचंद सृजन पीठ द्वारा आयोजित राष्ट्रकवि श्रीकृष्ण सरल को समर्पित भव्य काव्य अनुष्ठान में कवियों ने जगाई देशभक्ति और साहित्य की अलख

### कविता ने सदैव जनता के मानस को परिवर्तित किया: कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

जूते फटे पहन लो साथी दिल में स्वाभिमान रहे, कलम जब भी उठाओ साथी मन में हिंदुस्तान रहे... इन विचारोत्तेजक पंक्तियों के साथ भारत माता की आरती के रचयिता दादा पं. देवकृष्ण व्यास ने प्रेमचंद सृजन पीठ द्वारा राष्ट्रकवि श्रीकृष्ण सरल को समर्पित काव्य अनुष्ठान में शिखर कलश स्थापित किया। उन्होंने श्रीकृष्ण सरल और प्रेमचंद पर सार्थक रचनाएं सुनाते हुए कहा कि आज अकादमियां और पीठें सरल को याद कर रही हैं, जबकि उनके जीते जी तत्कालीन सत्ताओं ने उनकी उपेक्षा ही की। यदि वे आज होते तो पद्म सम्मान से अलंकृत होते।

कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने कहा कि कविता और कवियों ने सदैव जनता के मानस को परिवर्तित किया है। चाहे आजादी का समय हो या वर्तमान का, कविता ने हमेशा जागरण के काम ही किए हैं। उन्होंने इस सारस्वत अनुष्ठान के लिए सभी कवियों को शुभकामनाएं दीं।

आयोजन में खरगोन से आए वरिष्ठ गीतकार दर्द शुजालपुरी ने ₹रश्मियां जिसके चेहरे पर केसर मलें, जिसमें घर-घर भगतसिंह जैसे बेटे पलें, वंदनम वंदनम है भुवन भारती₹ जैसे गीत सुनाकर श्रोताओं को आंदोलित कर दिया। वरिष्ठ व्यंग्य कवि व मध्य प्रदेश लेखक संघ के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र गट्टानी ने अपनी पंक्तियों से झकझोरा- ₹उसने गर्म जोशी से हाथ मिलाया और मेरी आस्तीन को घूरने लगा, शायद रहने की जगह तलाश रहा था।₹ वरिष्ठ कवि अशोक भाटी ने भारत भूमि की शान में ₹इस धरती को रोज रात चांद निहारे, दक्षिण में चरण इसके सागर पखारे...₹ सुनाकर तालियां बटोरीं।

कवि पत्रकार नरेन्द्र सिंह अकेला ने बेटियों के हक में आवाज उठाते हुए कहा- ₹मुसीबत बाप पर आई तो बेटे चल दिए घर से, तोड़कर गुल्लक बेटी ने वो राशि बाप को दे दी।₹ प्रयागराज से आए गीतकार शैलेंद्र मधुर ने सरस गीतों की सस्वर प्रस्तुति दी। ललितपुर उप्र से आई मंजू कटारे ने आध्यात्मिक गीतों से वातावरण को राममय कर दिया। वहीं, खातेगांव के प. मुकेश मासूम ने हास्य क्षणिकाओं और प्रतिगीतों से उपस्थित समुदाय को गुदगुदाया।

संचालन हास्य कवि दिनेश दिग्गज ने किया, जिन्होंने अपनी हास्य रचनाओं, शायरियों और गंभीर मुक्तकों से समां बांधा। कार्यक्रम की शुरूआत में सरस्वती वंदना नेहा दुबे ने प्रस्तुत की। अध्यक्षता करते हुए सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय कार्यपरिषद के वरिष्ठ सदस्य राजेशसिंह कुशवाह ने श्रीकृष्ण सरल के स्मरण के लिए प्रेमचंद सृजन पीठ को साधुवाद दिया। सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की शलाका दीर्घा में संपन्न इस सारस्वत अनुष्ठान में नगर के साहित्यकार और सुधीजन उपस्थित रहे। इनमें मध्य प्रदेश लेखक संघ के अध्यक्ष आचार्य डॉ. हरिमोहन बुधौलिया, विक्रमादित्य शोध पीठ के कार्यकारी निदेशक डॉ. रमण सोलंकी, डॉ. श्रीकृष्ण जोशी, वरिष्ठ व्यंग्यकार डॉ. पिलकेंद्र अरोरा, प. प्रबोध पंड्या, वीडी बैंक उपाध्यक्ष अभिषेक निगम, दिनेश अनल, श्यामसिंह सिकरवार, महेश त्रिवेदी, अखिलेश द्विवेदी, मानसिंह शरद, जी.के. निगम, मंडलोई और अक्षय चौरे सहित कई गणमान्यजन मौजूद रहे।

# महू-नीमच फोरलेन पर तेज रफ्तार कार ने स्कूटी सवारों को कुचला, मासूम की मौत

### फोरलेन पर ग्रामीणों ने किया चक्काजाम, गाड़ियों की लगी कतारें

ब्रह्मास्त्र ›› मन्दसौर

जिले के दलौदा थाना क्षेत्र अंतर्गत फतेहगढ़ गांव के पास महू-नीमच फोरलेन हाईवे पर गुरुवार दोपहर एक हृदयविदारक सड़क हादसा हो गया। एक तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने स्कूटी पर सवार दो महिलाओं और दो बच्चों को जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण भिड़ंत में तीन वर्षीय मासूम जियान पिता जाहिद की अपनी मां की आंखों



के सामने ही तड़प-तड़पकर दर्दनाक मौत हो गई, जबकि हादसे में घायल तीन अन्य लोगों की हालत अत्यंत गंभीर बनी हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोपहर करीब 2 बजे स्कूटी सवार महिलाएं अपने बच्चों को उपचार के लिए धुंधड़का अस्पताल ले जा रही थीं। इसी दौरान मंदसौर से जावरा की ओर जा रही तेज रफ्तार स्विफ्ट कार ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कूटी के परखच्चे उड़ गए और सवार उछलकर पास खड़े एक ट्रक से जा टकराए। हादसे में गंभीर रूप से घायल शानू, नायरा और तीन माह की मासूम बच्ची हानिया को प्राथमिक उपचार के बाद मंदसौर जिला अस्पताल से उदयपुर रेफर किया गया है। हादसे की खबर फैलते ही ग्रामीण और परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने महू-नीमच फोरलेन पर चक्काजाम कर दिया।



## एक्सीडेंट करने वाले वाहन एवं गुम हुए बच्चो का शीघ्र पता लगाने की मांग

पिपलीया मंडी। नगर के ऑटो पार्ट्स व्यवसाई, प्रदेश कांग्रेस के संयुक्त सचिव मुकेश निडर के छोटे भाई सुरेश पोरवाल की स्कूटी को 21 मार्च को रात 8.30 बजे एक अज्ञात कार चालक ने जबरदस्त टक्कर मार दी थी जोकि बिना नम्बर की थी गम्भीर हालत में सुरेश अहमदाबाद में उपचारार्थ भर्ती है,बुधवार शाम जुग्गी झोपड़ी में निवासरत देवीलाल रामलाल के पुत्र जगदीश उम्र 13 वर्ष,दीपेश पुत्र श्यामलाल नायक टिलाखेड़ा बालाजी से गुम होगये। नगर कांग्रेस कमेटी ने गुरुवार को मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व नप के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा,नप के पूर्व अध्यक्ष चौथमल,गुप्ता नगर कांग्रेस अध्यक्ष किशोर उणियारा, पूर्व अध्यक्ष द्वय रामप्रसाद फरक्या,विष्णु फरक्या,कांग्रेसनेता छोटेलाल सैनी,जगदीश नायक आदि पुलिस चौकी पहूंचे व एएसआई जसराज चंदेल से मिला एवं ओव्हरब्रिज पर एक्सीडेंट करने वाली कार एवं गुम हुवे दोनों बच्चो के शीघ्र पता लगाने की मांग की है।पुलिस ने गांधी चौराहे पर लगे सीसीटीवी भी खंगाले है।

# भाजपा सुखेड़ा मंडल ने डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय की मनाई जन्म जयन्ती

ब्रह्मास्त्र ›› जावरा

भारतीय जनता पार्टी सुखेड़ा मंडल द्वारा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और मंदसौर संसदीय क्षेत्र से आठ बार सांसद रहे 'मालवा के गांधी' स्व डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय की जन्मजयंती बुधवार को सुजापुर में मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा बाबूजी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ की गई।

उक्त आयोजन सुजापुर स्थित उस भव्य उद्यान में हुआ, जहाँ बाबूजी की प्रतिमा स्थापित है। इस उद्यान और प्रतिमा का अनावरण प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विगत माह मे किया गया था। कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला महामंत्री महेश सोनी, प्रांजल पाण्डेय एवं सुखेड़ा मंडल अध्यक्ष रितेश जैन



ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। वक्ताओं ने बाबूजी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने राजनीति में सादगी और शुचिता के जो मानक स्थापित किए, वे आज भी हम सभी के लिए मार्गदर्शक हैं।

कार्यक्रम में समाजसेवी महेंद्र सिंह (बामनखेड़ी,), डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय मंडल अध्यक्ष मांगीलाल पांचाल, अभय कोठारी, पूर्व नगर अध्यक्ष नंदकिशोर माहवर, पूर्व मंडल अध्यक्ष बद्रीलाल शर्मा, विधायक प्रतिनिधि अजय सिंह भाटी, प्रमोद रावल, भंवर धनगर, कचरू लाल जाट, धर्मसिंह बरखेड़ा, कैलाश बारोट, जुगल किशोर, प्रवीण सिंह राठौड़, मुकेश मोगरा, नारायण धनगर, दिलीप कारपेंटर, प्रकाश डाबी, यशवंत सिंह, दशरथ माली, मांगीलाल चौधरी, कैलाश परमार, रामेश्वर मंडोरा, पवन पाटीदार, सुभाष पांचाल, रामप्रसाद राठौड़ एवं अजय पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 15 वर्षीय नाबालिग को इंस्टाग्राम के जरिए फंसाया, बंधक बनाकर वसूले पैसे

ब्रह्मास्त्र ›› रतलाम

शहर के औद्योगिक क्षेत्र थाना अंतर्गत एक नाबालिग किशोर को डरा-धमकाकर अवैध वसूली और ब्लैकमेलिंग का गंभीर मामला प्रकाश में आया है। आरोपियों ने न केवल किशोर को बंधक बनाकर उसके साथ मारपीट की, बल्कि झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर उससे हजारों रुपये भी वसूल लिए। हद तो तब हो गई जब आरोपियों ने किशोर के घर में घुसकर उसके माता-पिता और बीच-बचाव करने आए पड़ोसियों के साथ भी अभद्रता और मारपीट की। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार, 15 वर्षीय पीड़ित किशोर की जान-पहचान करीब एक साल पहले इंस्टाग्राम के माध्यम से एक लड़की से हुई थी। मई 2025 में उक्त लड़की ने किशोर को बहाने से अपने घर बुलाया। वहां पहले से मौजूद उसके मुंहबोले मामा शोएब और मां आरती ने नाबालिग बालक को बंधक बना लिया। आरोप है कि शोएब ने किशोर के साथ मारपीट की और उसे 5-6 घंटे तक कमरे में बंद रखा। घटना के बाद आरोपियों ने किशोर को डराना शुरू कर दिया। उन्होंने धमकी दी कि यदि उसने किसी को कुछ बताया तो वे उसके खिलाफ पुलिस में झूठी रिपोर्ट दर्ज करा देंगे। डर के मारे किशोर ने अपने दोस्तों और अपनी जमा पूंजी से जोड़कर कुल 10 हजार रुपये आरोपियों को दे दिए।

## महा अष्टमी श्रद्धा भाव से मनाई

पिपलिया मंडी। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी विभिन्न समुदायों द्वारा महा अष्टमी पर्व पर यज्ञ कन्यापूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी अवसर पर समीप गांव निनोरा में रावला परिवार के तत्वाधान में ठा.भारतसिंहजी शक्तावत के मार्ग दर्शन में मां बाणेश्वरी मंदिर पर पंडित बाबूलाल नागर के आचार्यत्व में सामूहिक रूप से यज्ञ संपन्न हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं बच्चों एवं युवाओं ने मातेश्वरी की पूजा व यज्ञ पणाहुति में भाग लेकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

## जनगणना 2027 के लिये ग्रामीण चार्ज अधिकारियों का प्रशिक्षण संपन्न

मंदसौर। आगामी जनगणना 2027 के सफल और त्रुटिरहित क्रियान्वयन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला मुख्यालय पर आयोजित ग्रामीण चार्ज अधिकारियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिला प्रभारी श्री अभिषेक ठाकुर के मार्गदर्शन में 24 से 26 मार्च तक चले इस सत्र में भानपुरा, मल्हारगढ़, गरोठ, शामगढ़ और सीतामऊ के तहसीलदारों सहित चार्ज जनगणना अधिकारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान डेटा संकलन की आधुनिक विधियों, डिजिटल उपकरणों के उपयोग और क्षेत्रीय समन्वय पर विस्तृत चर्चा की गई। श्री अभिषेक ठाकुर और श्री सत्येन्द्र सिंह राठौर ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए इसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व बताया और समयबद्ध रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# मंदसौर में रामनवमी की रही धूम, कुमावत और वसीठा धोबी समाज ने निकाला भव्य चल समारोह

ब्रह्मास्त्र ›› मंदसौर

पशुपतिनाथ महादेव की नगरी मंदसौर में रामनवमी का पर्व हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर क्षत्रिय मेवाड़ा कुमावत समाज और सकल पंच वसीठा धोबी समाज द्वारा शहर में एक विशाल एवं भव्य चल समारोह निकाला गया। प्रतिवर्ष की परंपरा को निभाते हुए इस बार भी आयोजन में भारी जनसैलाब उमड़ा, जहाँ समाज के हजारों महिला-पुरुष और बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में भगवान श्री राम के जयकारे लगाते हुए शामिल हुए।

समारोह का शुभारंभ नरसिंहपुरा स्थित बड़े मंदिर से हुआ, जहाँ से जुलूस गाजे-बाजे के साथ रवाना हुआ। यह भव्य चल समारोह शहर के प्रमुख मार्गों जैसे राम टेकरी, बीपीएल चौराहा, गांधी चौराहा, बस स्टैंड और घंटाघर से होता हुआ गुजरा। पूरे मार्ग में श्रद्धालु भजनों पर झूमते और नाचते हुए नजर आए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। शहरवासियों ने भी जगह-जगह पुष्प वर्षा कर चल समारोह का भव्य स्वागत किया।



आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि इस ऐतिहासिक जुलूस के समापन के पश्चात नरसिंहपुरा बड़ा मंदिर पर भगवान श्री राम की भव्य महाआरती की गई। इसके बाद समाज जनों के लिए विशाल प्रसादी का आयोजन भी रखा गया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने सभी नगरवासियों को रामनवमी की बधाई देते हुए समाज में एकता और धार्मिक सद्भाव बनाए रखने का संदेश दिया।

## श्री तलाईवाले बालाजी मंदिर आज मनेगा राम जन्मोत्सव-

आस्था के प्रमुख केंद्र श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर में आज, 27 मार्च शुक्रवार को राम नवमी का पर्व अत्यंत श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। श्री बालाजी मंदिर ट्रस्ट (तलाई वाले) के तत्वावधान में आयोजित इस महोत्सव की शुरूआत प्रातः 11.15 बजे भगवान श्री राम के पंचामृताभिषेक और विशेष पूजन से होगी। दोपहर ठीक 12 बजे भगवान का जन्मोत्सव मनाया जाएगा, जिसके पश्चात भव्य महाआरती संपन्न होगी। संध्या 6 बजे मंदिर परिसर में सामूहिक श्री राम स्तुति और हनुमान चालीसा का पाठ आयोजित किया जाएगा।

## अंबेडकर जन्मोत्सव पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

**मंदसौर।** डॉ. बी.आर. अंबेडकर जन्मोत्सव समिति की महत्वपूर्ण बैठक स्थानीय अजाक्स कार्यालय में आयोजित की गई, जिसमें बाबा साहब के जन्मोत्सव को गरिमामय ढंग से मनाने की रूपरेखा तैयार की गई। समिति द्वारा विद्यार्थियों के लिए दो वर्गों (जूनियर व सीनियर) में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित करने का निर्णय लिया गया है, जिसमें विजेताओं को 5100, 2100 और 1100 रुपये की प्रोत्साहन राशि व प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम की श्रृंखला में 13 अप्रैल को नगर में विशाल वाहन रैली निकाली जाएगी।

## व्हाट्सएप ग्रुप के जरिए बुजुर्ग से 1.34 करोड़ रुपये की बड़ी ऑनलाइन ठगी

मंदसौर। जिले में ऑनलाइन ठगी एक गंभीर मामला सामने आया है, जहाँ ठगों ने एक 80 वर्षीय बुजुर्ग को ऊंचे मुनाफे का लालच देकर उनके जीवन की जमा पूंजी को ठग लिया। कोतवाली थाना क्षेत्र के निवासी वीरेंद्र कुमार जैन पिता स्व. मानकलाल जैन के साथ व्हेल्थ अलायंस ट्रेनिंग टीम ए-12 नाम के एक व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से 1 करोड़ 34 लाख रुपये की धोखाधड़ी की गई है। प्राप्त जानकारी अनुसार फरियादी को इसी साल जनवरी माह में एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया था। इस ग्रुप का संचालन कथित तौर पर मोहन पाटिल और उसके मैनेजर रवि द्वारा किया जा रहा था। आरोपियों ने फरियादी को टोटमिन कंपनी के माध्यम से स्टॉक मार्केट में निवेश कर भारी मुनाफा कमाने का झांसा दिया। आरोपियों के बुने जाल में फंसकर बुजुर्ग ने अपने आधार कार्ड और पैन कार्ड जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज ग्रुप में साझा कर दिए। इसके बाद, आरोपियों के कहे अनुसार फरियादी ने अलग-अलग छह बैंक खातों में कुल 1 करोड़ 34 लाख रुपये जमा कर दिए। ठगी का खुलासा तब हुआ जब वीरेंद्र कुमार जैन ने अपनी निवेश की गई राशि और उस पर हुए मुनाफे को वापस मांगा, जिसके बाद आरोपियों ने उनसे पूरी तरह संपर्क तोड़ दिया। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने कोतवाली थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि जिन खातों में पैसा जमा कराया गया है, वे करंट अकाउंट हैं और संभवतः फर्जी फर्मों के नाम पर संचालित हो रहे थे।

# कृति सेनन का हॉट अंदाज



**कृति सेनन का हॉट अंदाज, जो मार्च में देखा गया था, ने गर्मियों की आरामदायक ड्रेसेस को एक सेक्सी ट्विस्ट दिया। यह लुक काले, नीले और बेबी पिंक रंगों में आया था, जिसमें एक डीप नेकलाइन, शरीर से चिपकी हुई रैप-अराउंड स्टाइल और पतली स्पैगेटी स्ट्रैप्स थीं। और बस इतना ही नहीं। इस एब्स्ट्रैक्ट प्रिंट वाली ड्रेस के आगे के हिस्से में एक शानदार थाई-हाई स्लिट भी था, जिससे इस स्टार की तराशी हुई खूबसूरत टांगें साफ नजर आ रही थीं।**

अपनी ड्रेस को ही अपने लुक का मुख्य आकर्षण बनाते हुए, सेनन ने इंस्टाग्राम के लिए हल्की-फुल्की ज्वेलरी चुनी, और अपनी इस शानदार ड्रेस के साथ सोने की कई अंगूठियां पहनीं। उन्होंने अपने लुक को ड्यूई मेकअप, घनी आइब्रो, न्यूड लिप्स और करीने से बिखरे हुए 'वेट-लुक' बालों के साथ पूरा किया। अगर आपको फेमिनिन ड्रेसेस पसंद हैं, तो छइऊ२ (छोटी काली ड्रेसेस) को कुछ समय के लिए छोड़कर, कृति सेनन जैसी कोई रंगीन ड्रेस आजमाकर देखें।



# धुरंधरों के बीच छाप छोड़ने के लिए तैयार युवा ब्रिगेड

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

आईपीएल का धूमधड़ाका शुरू होने में अब सिर्फ दो दिन बचे हैं। दस टीमों के खिलाड़ी अपनी रणनीति को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। अनुभवी और धुरंधरों के बीच कुछ युवा खिलाड़ी भी अपनी चमक बिखेरने के लिए तैयार हैं। ये ज्यादातर युवा पहली बार दुनिया की सबसे बड़ी लीग में खेलेंगे। टीमों ने इन पर मोटी रकम खर्च की है। ऐसे में इन पर काफी दबाव भी होगा। देखना दिलचस्प होगा यह ये युवा दबाव से निपटकर खुद को साबित करने में कितने कामयाब होते हैं। पिछली बार वैभव सूर्यवंशी और आयुष म्हात्रे जैसे युवाओं ने अपने शानदार प्रदर्शन से सुर्खियां बटोरी थी। राजस्थान के लिए खेलने वाले सूर्यवंशी ने तो 35 गेंदों में शतक जड़कर सबको चौंका दिया था। वह लीग में सबसे तेज शतक जड़ने वाले भारतीय और कुल दूसरे खिलाड़ी बने थे।

इस बार भी लीग से नए सितारे मिलेंगे। इनमें से लीग इतिहास के दो सबसे महंगे अनकैप्ड खिलाड़ियों प्रशांत वीर और कार्तिक शर्मा (कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेलने वाले) पर खास नजर रहेगी। साथ ही जम्मू-कश्मीर के आकिब नबी भी अपनी स्विंग से रंग जमाने की कोशिश करेंगे। इनके अलावा भी कई युवा अपनी छाप छोड़ने को बेताब होंगे। आइये जानते हैं उनके बारे में।



## कलाई के स्पिनर शिवांग

मध्य प्रदेश के 23 वर्षीय शिवांग कुमार बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर हैं। टीम इंडिया में कुलदीप ऐसे गेंदबाज हैं। कुलदीप क्रीज तक पहुंचने के लिए कोणीय रन-अप लेते हैं। शिवांग का रन-अप अधिक पारंपरिक और सीधा होता है। वह हैदराबाद के लिए निचले क्रम के उपयोगी साबित हो सकते हैं। भारत में बाएं हाथ के अच्छे तेज गेंदबाज कम हैं। अंडर-19 विश्व कप में खेलने वाले नमन ने ट्रायल के दौरान सभी को प्रभावित किया है। वह 140 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की रफ्तार से गेंदबाजी करते हैं। नमन में दाएं हाथ के बल्लेबाजों के लिए गेंदों को सीधा फेंकने की क्षमता है। वह लखनऊ के लिए एक अच्छे विकल्प साबित हो सकते हैं।

मध्यक्रम के 24 वर्षीय बल्लेबाज रवि सिंह बड़े-बड़े छक्के जड़ने में माहिर हैं। उन्होंने पिछले साल सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 173 के स्ट्राइक रेट से 218 रन बनाए थे। विदर्भ के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए 38 गेंदों में 68 रन की पारी निस्संदेह सबसे यादगार रही। इस पारी के चलते उन्हें राजस्थान रॉयल्स से 95 लाख रुपये में अपने साथ जोड़ा।

पिछले सत्र में मिचेल ओवेन को पंजाब किंग्स के लिए एक मैच में दो गेंदों का सामना करने का मौका मिला। इस खिलाड़ी में गेंद को जोरदार तरीके से मारने की क्षमता है। वह मध्यम गति से एक या दो ओवर भी फेंक सकता है। इस बार तस्मानिया का यह खिलाड़ी होबार्ट हरिकेंस की तरफ से बीग बैश में शानदार

















1st RERA APPROVED RESORT TOWNSHIP IN RAMNAGAR UTTARAKHAND
LUXURY VILLA
Managed By
BW | Best Western
Hotels & Resorts
Fully Furnished
Price
₹ 1.35 Cr
Onwards
Amenities
Jacuzzi
Club House
Lake
and 50+ More
Bail Parao Nainital Uttarakhand
Book Now- +91 85950 07767


घर के लिए आसान
वास्तु नियम
1 मुख्य दरवाज़ा
घर का मुख्य दरवाज़ा पूर्व (East) या
उसर (North) दिशा में हांना शुभ माना
जाता है.
2 पूज़ा घर
पूजा घर हमेशा
वेशान कोण (उवर-पूर्व/
North-East) में रखें.
3 रसो (किचन)
रसोई घर दशिन-पूर्व
(South-East) दिशा में
सवसे अच्डी मानी जाती है.
पुलहे घर खाना दत्तसे समय
मुंइ पूर्व की और रखें.
पूव
4 सोने की दिशा
सोते समय सिर दशिण
(South-दिशा में रखें,
इससे मीद अच्डी आती है
और सेहत ठीक रहती है.
रसोईं (किचन)
रसोईं घर दशिन-पूर्व
(South-East) दिशा में
सवसे अच्डो मानी जाती है.
5 तिजोरी / पेसे
तिजोरी उत्तर दिशा में रखें
तिजोरी का मुंह उत्तर
की ओर खुतना वाहेट.
North
5 तिजोरी / पेसे
तिजोरी उत्तर दिशा में रखें और
तिजोली का मुंह उतर की और खुतना वाहिए.
6 पौधे
घर में तुतसी, मनी प्लांट जेसे
हर पोधे रखें,
इन्हे उतर या पूर्व दिशा में
तगाना शुभ होंता है.
घर में सुख, समृद्धि और शांति वनी रहे,
ऐसी शुभकामना करते हें.



# दिन - रात के आठ पहर जानिये हर पहर का महत्व

## प्रथम प्रहर
(3:00 AM - 6:00 AM)
(ब्रह्ममुहूर्त)

यह समय ब्रह्ममुहूर्त कहलाता है, जो आध्यात्मिक दृष्टि से अत्यंत पवित्र माना गया है। वातावरण शांत और ऊर्जा से भरपूर होता है। योग, ध्यान, जप, स्वाध्याय और संयम की शुरुआत के लिए यह सर्वोत्तम समय है। वैज्ञानिकों ने भी सिद्ध किया है कि इस समय मस्तिष्क की एकाग्रता क्षमता सबसे अधिक होती है। आयुर्वेद के अनुसार, यह वात दोष का समय है, जिससे शारीरिक हलचलों और प्राकृतिक शौच क्रियाओं सहायता मिलती है।

## द्वितीय पहर
(6:00 AM – 9:00 AM)
(सूर्योदय काल )

सूर्य के उदय का यह समय दिनचर्या की शुरुआत का सूचक होता है। यह स्नान, संध्या वंदन, पूजा-पाठ और शरीर को जागृत करने के लिए अनुकूल माना जाता है।
इस समय सूर्य की किरणें विटामिन D का एक प्राकृतिक स्रोत होती हैं और शरीर में ऊर्जा का संचार करती हैं। बच्चों के लिए यह पढ़ाई की आदत डालने का उपयुक्त समय होता है।

## तृतीय पहर
(9:00 AM – 12:00 PM)
(पूर्वाह्न)

यह मानसिक और शारीरिक रूप से सबसे सक्रिय समय माना जाता है। अधिकांश व्यवसाय, विद्यालय, और संस्थान इसी समय कार्य करना आरंभ करते हैं।
व्यक्ति की निर्णय क्षमता, याददाश्त और एकाग्रता इस समय चरम पर होती है। सूर्य और बुध ग्रह का प्रभाव होने के कारण यह समय अध्ययन, लेखन और निर्णय लेने के लिए अनुकूल होता है।

## चतुर्थ पहर
(12:00 PM – 03:00 PM)
(मध्यान्ह)

यह समय दोपहर का होता है, जब शरीर को ऊर्जा की आवश्यकता होती है। भोजन करने और थोड़ा विश्राम लेने के लिए यह उपयुक्त समय है। आयुर्वेद में इसे पित्त काल कहा गया है, जब पाचन अग्नि प्रबल होती है, इसलिए भोजन का पाचन सबसे अच्छा होता है। इस समय थकान का अनुभव होना सामान्य है, इसलिए भारी मानसिक कार्यों से बचना चाहिए।

## पंचम पहर
(03:00 PM – 06:00 PM)
(अपराह्न)

दिन ढलने की ओर अग्रसर होता है। यह समय कार्यों की समाप्ति और घर लौटने की तैयारी का होता है। विद्यार्थी इस समय पुनरावृत्ति कर सकते हैं। शरीर और मन हल्का थक चुका होता है, इसलिए हल्के कार्य या रचनात्मक गतिविधियों के लिए यह समय उपयुक्त है। यह वायु दोष का समय होता है, जिससे पुराने रोग उभर सकते हैं, अतः सावधानी रखनी चाहिए।

## षष्ठ पहर
(6:00 PM - 9:00PM)
(संध्याकाल)

दिन और रात के संगम का यह समय अत्यंत पवित्र माना गया है। दीप प्रज्वलन, संध्या वंदन, आरती, भजन आदि करने की परंपरा इसी समय से जुड़ी है। यह समय मानसिक शांति, परिवार के साथ समय बिताने और आत्मचिंतन के लिए आदर्श होता है।
सकारात्मक और नकारात्मक शक्तियाँ दोनों ही इस समय सक्रिय होती हैं, अतः घर का वातावरण पवित्र और शांत बनाए रखना चाहिए।

## सप्तम पहर
(9:00 PM - 12:00 AM)
(रात्रि प्रारंभ)

यह समय विश्राम का है। दिनभर की थकान के बाद शरीर और मन को पुनः ऊर्जा देने के लिए अच्छी नींद आवश्यक होती है। इस समय मनुष्य को भोजन करके, मानसिक शांति के साथ विश्राम की ओर जाना चाहिए। अध्ययन या मोबाइल स्क्रीन का अधिक प्रयोग इस समय मस्तिष्क की नींद प्रक्रिया को बाधित करता है, अतः इससे बचना चाहिए।

## अष्टम पहर
(12:00 AM - 3:00 AM)
(मध्यरात्रि)

यह समय गहन निद्रा का होता है, जब शरीर मरम्मत (healing) की प्रक्रिया में होता है। यह समय तांत्रिक क्रियाओं, स्वप्न दर्शन और रहस्यमय ऊर्जा अनुभव करने वालों के लिए भी विशेष माना गया है। योगीजन इस समय जागरण करके विशेष साधनाएँ करते हैं। साधारण जनों के लिए यह विश्राम का समय है, जिससे सुबह उठने पर वे ताजगी और ऊर्जा से भरपूर रहें।

Anilkhigwan

# भारतीय बनें, भारतीय खरीदें, भारतीय संस्कृति पर गर्व करें।

| वस्तु | स्वदेशी उत्पाद - प्रयोग करें | बहुराष्ट्रीय कंपनियों के उत्पाद बहिष्कार करें |
|---|---|---|
| नहाने का साबुन | गोदरेज, संतूर, निरमा, मैसूर सैंडल, विप्रो-शिकाकाई, मेडिमिक्स, सिंथाल, नीमा | लक्स, लिरिल, लाईफबॉय, पियर्स, रेक्सोना, डॅव, पॉडन्स, पामोलिव, जान्सन, डेटॉल, एमवे |
| कपड़े व फर्श धोने का साबुन | स्वस्तिक, ससा, प्लस, निरमा, विमल, हीपोलिन, डेट, फेना, उजाला, इजी, घड़ी, जेंटिल, आरती, दो कैंची, स्वराज, वैगस | व्हील, एरियल, सर्फ एक्सल, रिन, विमबार, रॉबिन ब्लू |
| सौंदर्य प्रसाधन औषधि | पार्क एवेन्यु, सिंथॉल, संतूर, इमामी, बोरोप्लस, तुलसी, वीको टर्मरिक, हेयर एण्ड केयर, हिमानी, पेराशूट, डाबर, झंडू, सांडु, बैद्यनाथ, हिमालय, बारोलीन, बजाज सेवाश्रम, मूव, क्रेक क्रीम, अयूर | जॉनसन, पाण्ड्स, ओल्ड स्पाईस, फेयर एण्ड लवली, मेडीकेयर, नायसिल, लिरिल, लेक्मे, पेन्टीन, हेड एण्ड शोल्डर, एमवे, क्लीनिक |
| टुथपेस्ट दंतमंजन टुथब्रश | बबूल, प्रॉमिस, विको, एंकर, डाबर, मिसवाक, अजंता, बैद्यनाथ, इमामी, हिमालय, दंतकांति | कोलगेट, सिबाका, क्लोजअप, पैप्सोडैंट, ओरल-बी, एमवे, सैन्सोडाईन |
| शेविंग साबुन ब्लेड्स | गोदरेज, इमामी, सुपर, सुपरमैक्स, वी-जॉन, टोपाज, पार्क एवेन्यू | निविया, ओल्ड स्पाईस, जिलेट, सेवेन-ओ-क्लाक |
| बिस्किट, चाकलेट, दुग्ध उत्पाद, ब्रेड | बेकमेन, मोर्नको, क्रेकजैक, शालीमार, पैरी, रावलगांव, क्लासिक, अमूल, न्यूट्रामूल, सफल, वेरका, सागर, प्रिया गोल्ड, न्यूट्रीन, वीटा, मदर डेरी, क्रीमिका, राजा, सनफीस्ट, पार्ले, फर्निटियर, महालक्ष्मी, हल्दीराम, बिकानो | ब्रिटानिया, टाईगर, मैरी, नैसले, कैडबरी, बोर्नव्हिटा, हार्लिक्स, बूस्ट, किसान, मैगी, कॉम्प्लान, मिल्कफूड |
| चाय-कॉफी | टाटा टी, आसाम टी, डंकन, ब्रह्मपुत्र, टिपस, तेज, टाटा कॉफे, टाटा-टेटली, वाघ-बकरी, आर्गेनिक, इन्डिया | ब्रुक बाण्ड, ताजमहल, रेड-लैबल, लिप्टन, ग्रीन लेवल, नेसकैफे, नेस्ले, ब्रू |
| शीतपेय, चटनी, आचार, मुरब्बा | एनर्जी, कैपोकोला, जम्पिन, फ्रुटी, डाबर, रसना, हमदर्द, रूह-आफजा, हल्दीराम, गोकुल, बीकानेर, प्रिया, अशोक, मदर्स, रियल जूस | लेहर, पेप्सी, सेवन-अप, मिरींडा, कोका-कोला, सोडा, लिम्का, थम्स-अप, फैन्टा, स्प्राईट |
| पीने का पानी | बैली, नेचुरल, रेल नीर | ॲक्वाफिना, किन्ले, फोस्टर्स |
| आईस्क्रीम | दिनशॉ, वाडीलाल, अमूल, हिमालय, निरूला, मदर डेयरी, हैव मोर, वेरका, वीटा, क्रीमबेल, प्रीतम बादशाह | कैडबरी, क्वालिटी वॉल्स, बास्कीन-राबिन्स, कॉरनेट्टो |
| खाद्यतेल, खाद्य पदार्थ | सनफलावर, मारुति, पोस्टमैन, धारा, गिन्नी, स्वीकार, सनड्राप, रथ, पैराशूट, अशोक, सफोला, गगन, अमृत, वनस्पति, रामदेव, एम.डी.एच., एवरेस्ट, डाबर, लिज्जत, शक्तिभोग आटा, टाटा नमक, एम.टी.आर., हल्दीराम, विकानों, महालक्ष्मी | डालडा, लिप्टन, अन्नपूर्णा नमक, आटा और मैगी, किसान, ब्रुक बाण्ड, पिल्सबरी आटा, कैप्टन कुक नमक और आटा, अंकल चिप्स, लेज, लेहर |
| विद्युत उपकरण गृहोपयोगी वस्तु | विडियोकॉन, बी.पी.एल., ओनिड़ा, सलोरा, टी-सीरीज, वेस्टर्न, टी.सी. एल., गोदरेज, बजाज, ऊषा, पोलर, ऐंकर, सूर्या, ओरिएन्ट, क्रॉम्प्टन, लायड्स, ब्लूस्टार, वोल्टास, खेतान, एवरड्रेडी, जिप, नोविनो, सुमित, हॉकिन्स, प्रेस्टीज, महाराजा, प्रेशर कुक्कर, सुजाता मिक्सी | फिलिप्स, सोनी, निप्पो, शार्प, व्हर्लपूल, सेमसंग, नैशनल-पैनासोनिक, तोशिबा, एलजी, हिताची, सानसूई, केनवुड, टपरवेयर, ओमेगा, टाइमैक्स, पायोनियर |
| घड़ियां | टाईटन, अजंता, एचएमटी, मैक्सिमा, फास्ट्रेक | ओमैगा, टाईमेक्स, राडो, टीसोट, गेस, माट ब्लैक |
| लेखन सामग्री | विल्सन, कैम्लिन, रोटोमैक, सेलो, स्टिक, मोंटेक्स, कैमल, स्टिक, अप्सरा, लिंक, बिल्ट, चौहान पेपर्स | पार्कर, पायलट, फैबर-कैसेल, लक्जर, कोरस |
| जूते, चप्पल, पॉलिश | लखानी, लिबर्टी, एक्शन, पैरागॉन, करोना, रिलैक्सो, रेड-टेप, किवी शू पॉलिश, वुडलैंड | प्यूमा, पॉवर, चेरी-ब्लॉसम, एड्डिडास, रिबॉक, नाइकी, लीकूपर, गैसोलीन, बाटा |
| तैयार कपड़े | स्पाईकर, डयूक, मफतलाल, न्यूपोर्ट, किलर, फ्लाईग मशीन, जोडिएक, डेनिम, प्रोलीन, टीटी, लक्स, अमूल, वीआईपी, रूपा, रेमण्ड, ग्रासिम, पार्क एवेन्यू, अल्टिमो, मोन्टी कार्लो, | ली, पीटर इंग्लैंड, ऐरो, लोकास्टे, व्हैन हुसेन, लुई फिलिप, लेविस, पेपे जीन्स, रैंगलर, बेनेटोन, रीड एण्ड टेलर, एलन सोली, यूएस पोलो। |

**उपरोक्त के अतिरिक्त सभी स्थानीय, लघु-कुटीर उद्योग द्वारा निर्मित उत्पाद**

# ॐ सनातन धर्म के सोलह संस्कार
## (16 Sanskar of Hindu Dharma)



**गर्भाधान संस्कार**
संतान प्राप्ति हेतु शुद्ध भाव व संकल्प



**पुंसवन संस्कार**
गर्भस्थ शिशु के स्वास्थ्य व संरक्षण हेतु



**सीमन्तोन्नयन संस्कार**
गर्भवती माता की मानसिक एवं शारीरिक शांति हेतु



**जातकर्म संस्कार**
शिशु के जन्म के समय किया जाने वाला संस्कार



**नामकरण संस्कार**
शिशु का शुभ नामकरण



**निष्क्रमण संस्कार**
शिशु को प्रथम बार घर से बाहर ले जाना



**अन्नप्राशन संस्कार**
शिशु को प्रथम बार अन्न ग्रहण कराना




**चूड़ाकर्म (मुंडन) संस्कार**
बालों का प्रथम संस्कार



**कर्णवेध संस्कार**
कान छेदन संस्कार




**उपनयन संस्कार**
विद्या आरंभ एवं ब्रह्मचर्य का प्रवेश



**वेदारंभ संस्कार**
वेद एवं शास्त्र अध्ययन का प्रारंभ




**समावर्तन संस्कार**
शिक्षा पूर्ण कर गृहस्थ जीवन की तैयारी



**विवाह संस्कार**
धर्मपूर्वक गृहस्थ जीवन का आरंभ



**वानप्रस्थ संस्कार**
सांसारिक मोह से धीरे-धीरे विरक्ति



**संन्यास संस्कार**
पूर्ण वैराग्य व मोक्ष मार्ग की ओर गमन



**अंत्येष्टि संस्कार**
देह त्याग के पश्चात अंतिम संस्कार

■ वर्ष-12 अंक-142 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश |छत्तीसगढ़ |गुजरात |महाराष्ट्र |राजस्थान |उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

## सुभाषितानि

पिता स्वर्गः पिता धर्मः पिता परमकं तपः।
पितरि प्रीतिमापन्ने सर्वाः प्रीयंति देवताः।।

**भावार्थ** : सभी पिता अपने बच्चों के लिए स्वर्ग, धर्म और अंतिम तपस्या हैं। उनका सुख देवताओं का सुख है।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शुक्रवासरः 27 मार्च, 2026

।।ॐ भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात्।।

**भावार्थ** : हम भगवान की महिमा का ध्यान करते हैं, जिन्होंने इस दुनिया को बनाया है, जो पूजनीय हैं, जो ज्ञान के भंडार हैं, जो पापों और अज्ञान को दूर करने वाले हैं झ्र वे हमें प्रकाश दिखाएँ और हमें सत्य के मार्ग पर ले जाएँ।

## सम्पादकीयम्

### तैलस्य मूल्यं वर्धमानम

यदा विश्वे पेट्रोल-डीजल-मूल्यानि वर्धन्ते तदा भारतं कथं अस्पृष्टं तिष्ठति ? अधुना भारते प्रीमियमपेट्रोलस्य वाणिज्यिकडीजलस्य च मूल्येषु वृद्धिः अभवत, परन्तु अधुना एकेन प्रमुखेन निजीतैलसप्लायरेन पेट्रोलस्य मूल्येषु 5 प्रतिलीटरं, डीजलस्य मूल्येषु 3 प्रतिलीटरं च वृद्धिः कृता अस्ति भारतस्य बृहत्तमस्य निजीइन्धनसप्लायरस्य नायारा एनर्जी इत्यस्य एषः निर्णयः राज्यस्वामित्वयुक्तानां तैलकम्पनीनां कृते संकेतः अस्ति। निःसंदेहं कच्चे तैलस्य मूल्यवृद्ध्या सर्वाणि तैलकम्पनयः प्रचण्डदबावे सन्ति । पश्चिम एशियायां प्रचलति युद्धेन कच्चे तेलस्य मूल्यं प्रायः दुगुणं जातम । भारते पेट्रोल-डीजलयोः खुदरामूल्येषु महत्त्वपूर्णः प्रभावः न अभवत इति सौभाग्यपूर्णः संयोगः एव । चतुर्षु राज्येषु, पुदुचेरी-नगरस्य केन्द्रशासितक्षेत्रे च निर्वाचनं सामान्यतया कारणरूपेण उद्धृतं भवति । कारणं यत्किमपि भवतु, तथ्यं वर्तते, जनहिते च अस्ति यत तेषां इन्धनबजटस्य महत्त्वपूर्णः प्रभावः न अभवत । आम, अनेकेषु स्थानेषु स्थानीयतैलस्य, गैसस्य च अभावः भवति । स्थानीयस्तरस्य अतिक्रयणं वा संग्रहणं वा अपि योगदानकारकं भवति । केषुचित स्थानेषु पेट्रोलपम्पस्य दुर्व्यवस्थापनं कारकं भवितुम अर्हति, अन्येषु स्थानेषु तैलकम्पनीभिः अपर्याप्तप्रबन्धनं कारकं भवितुम अर्हति । तैलस्य, गैसस्य च चिन्ता समाजे व्याप्तुं आरब्धा इति स्वीकारः सुरक्षितः।

### रसायनेन अग्निः आरब्धः आसीत

## पालम-दुर्घटनायाः न्यायिक-प्रयोगशालायाः प्रतिवेदनं प्रकाशितम



ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

पालमस्य रामचौकबाजारे चतुःमहलभवने प्रज्वलितस्य विशालस्य अग्निप्रकोपस्य विषये अग्निशामकविभागस्य तथा न्यायिकविज्ञानप्रयोगशालायाः प्रारम्भिकजागृतिप्रतिवेदनं प्रकाशितम अस्ति।

प्रतिवेदनानुसारं भवनस्य तहखाने अन्यतलयोः च बहुमात्रायां ज्वलनशीलसामग्रीणां उपस्थित्या अग्निः तीव्रगत्या प्रसृतः अनेन एकमात्रं निर्गममार्गं अवरुद्धं कृत्वा काश्यपपरिवारस्य सदस्याः अग्नौ फसन्ति स्म । दुर्घटने नव जनाः मृताः।

थिनरः इत्रं च संगृहीतम आसीत : पुलिसस्त्रोताः अवदन यत अन्वेषणप्रतिवेदने ज्ञातं यत वस्त्रस्य अतिरिक्तं थिनर, इत्रं, अन्ये रसायनानि (नेलपॉलिश) च संगृहीताः आसन। एते सर्वे पदार्थाः अत्यन्तं ज्वलनशीलाः सन्ति, अतः एव अग्निः अल्पकाले एव सम्पूर्णे भवने प्रसृतः ।

तहखाने सुरक्षामानकानां उल्लङ्घनम : एफएसएल-दलेन घटनास्थलात नमूनानि गृहीत्वा प्रारम्भिकं अन्वेषणं कृताम, येन अग्निस्य कारणं रसायनानि इति पुष्टिः अभवत तहखाने सुरक्षामानकानां अनुसरणं न कृतम इति अधिकारिणः वदन्ति। कृशतरं, इत्रं च अग्निस्य भयानकप्रसारणे योगदानं दत्तवान । अग्निशामकविभागस्य एकः वरिष्ठः अधिकारी अवदत यात यदि भवने एतादृशाः ज्वलनशीलाः पदार्थाः न संगृहीताः स्यात तर्हि अग्निः शीघ्रं नियन्त्रणे आनेतुं शक्यते स्म। सम्प्रति भवनस्वामिनः अन्येषां च उत्तरदायीव्यक्तिनां विरुद्धं सम्बन्धितविभागैः कार्यवाही आरब्धा अस्ति। तदतिरिक्तं क्षेत्रे अन्येषां वाणिज्यिकभवनानां निरीक्षणं क्रियते येन एतादृशाः घटनाः न भवन्ति। प्रमादयुक्तानां विरुद्धं कठोरकार्यवाही भविष्यति।

### सर्वकारेण एसडीएम-प्रतिवेदनं सार्वजनिकं कर्तव्यम : आप

नई दिल्ली, वि.ए. आम आदमी दलेन पालम-अग्नि-घटनायाः विषये दिल्ली-सर्वकारेण विधानसभायां मृषावादस्य आरोपः कृतः अस्ति । दलस्य राज्यसंयोजकः सौरभभारद्वाजः अवदत यत अन्वेषणं एसडीएम-समित्याः समक्षं प्रदत्तम, परन्तु अद्यापि प्रतिवेदनं सार्वजनिकं न कृतम। सः प्रतिवेदनं मुक्तं कृत्वा सत्यं प्रकाशयितुं आग्रहं कृतवान । भारद्वाजः आरोपितवान यत सर्वकारीयमन्त्रिणः पीडितानां दोषं ददति, यदा तु स्थले उद्धारकार्ये गम्भीरा लापरवाही दृष्टा। सः अवदत यत वीथिः संकीर्णः इति दावान मिथ्या अस्ति, पर्याप्ताः अग्निशामकाः तात स्थानं न प्राप्तवन्तः इति। आम आदमीपक्षस्य नेता सीसीटीवी-दृश्यानां अन्वेषणं सर्वकारेण कर्तुं आग्रहं कृतवान यत एतेन यथार्थस्थितिः प्रकाशिता भविष्यति इति।

### 14 जनाः जीविताः दग्धाः

## डम्पर इत्यनेन सह टकरावस्थायां बसयानं अग्निः



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

गुरुवासरे मार्कपुरममण्डले एकेन निजबसयानेन डम्परेण सह टकरावः जातः। चतुर्दश यात्रिकाः मृताः, २१ जनाः घातिताः च अभवन । घातितानां त्रयाणां स्थितिः गम्भीरा इति सूचना अस्ति। मृतेषु केषुचित महिलाः बालकाः च सन्ति ।

पुलिस-अनुसारं तेलङ्गाना-देशस्य जगतियाल-नगरात नेल्लोर-मण्डलस्य कालिगिरी-नगरं गच्छन्ती बसयानं प्रातः ५:३० वादने राष्ट्रियराजमार्गे कंक्रीट-युक्तेन ट्रकेन सह टकरावं कृत्वा ट्रकस्य ईंधनस्य टङ्क्यां विस्फोटं कृत्वा अग्निः अपि जातः अग्निः एतावत तीव्रः आसीत यत १० यात्रिकाः स्थले एव मृताः, अन्ये चत्वारः सर्वकारीयचिकित्सालये चिकित्सायाः समये मृताः । दुर्घटनासमये बसयाने ४१ यात्रिकाः आसन । अधिकांशशरीराणि एतावन्तः दग्धाः यत तेषां परिचयः कठिनः इति पुलिसैः उक्तम।

प्रारम्भिक अन्वेषणेन ज्ञायते यत बसयानस्य गलत लेन लङ्घनस्य कारणेन दुर्घटना अभवत, यद्यपि चालकः सुगतिचक्रं जामम इति दावान अकरोत ।

प्रधानमन्त्री नरेन्द्रमोदी मृतानां परिवारेभ्यः शोकं प्रकटयन आहतानाम आरोग्यस्य कामनाम अकरोत। सः प्रधानमन्त्रिणः राष्ट्रियराहतकोषात मृतानां परिवारेभ्यः २ लक्षं , घातितानां कृते ५०,०००-रूप्यकाणां आर्थिकसहायतां च घोषितवान।

## मलेशियादेशात भारते गुप्तचरजालं प्रसारितम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ गाजियाबाद

पाकिस्तानस्य गुप्तचर-अधिकारिणः मलेशिया-देशात भारते गुप्तचर-जालस्य संचालनं कुर्वन्ति स्म । गाजियाबाद-हापुर-नगरात जासूसी-आरोपेण गृहीतानाम व्यक्तिनां प्रश्नोत्तर-काले एतत ज्ञातम । भारते गुप्तचरजालस्य विस्तारार्थं अन्तर्राष्ट्रीयं षड्यंत्रं अधुना एव उद्घाटितम अस्ति। गृहीतस्य गुप्तचर-वलयस्य प्रश्नोत्तरस्य समये ज्ञातं यत मलेशिया-देशे स्थितः पाकिस्तानी-गुप्तचर-सञ्चालन-सञ्चालन-अधिकारी विक्कीज-जट्ट उर्फ विकासः भारते जासूसी-जालस्य स्थापनायै पाकिस्तानी-गुण्डानां उपयोगं कुर्वन आसीत पुलिस-अनुसारं गृहीताः अभियुक्ताः संवेदनशीलस्थानानां टोही-कार्यं कृत्वा विदेशेषु विडियो-जीपीएस-स्थानानि प्रेषयितुं विभिन्नराज्येषु गतवन्तः। पाकिस्तानस्य पञ्जाब-नगरस्य निवासी गुण्डा सरफराज-डोगरः उर्फ सरदारः, दुबई-नगरे सक्रियः शहजाद-भट्टी च अस्य सम्पूर्णस्य जालस्य नेतारः आसन ते भारतीययुवकानां उपयोगेन संवेदनशीलसैन्य-रणनीतिक-स्थानानां टोही-कार्यं कृतवन्तः । तेषां वित्तपोषणं आईएसआई-संस्थायाः बहु आसीत ।

## राशिफल

**मेष** : निवेश के नए अवसर सामने आएंगे। लव लाइफ अच्छी रहेगी। व्यक्तिगत मामलों को सुलझाने में सफल रहेंगे।

**वृषभ** : व्यापारियों को आज व्यापार में घाटा हो सकता है। आज धन खर्च करने की जरूरत पड़ सकती है।

**मिथुन** : व्यापारियों के लिए दिन अच्छा रहने वाला है। आर्थिक रूप से आप बेहतर स्थिति में आ सकते हैं।

**कर्क** : किसी भी दीर्घकालिक निवेश से बचें और बाहर जाकर अपने अच्छे दोस्त के साथ कुछ सुखद पल बिताने की कोशिश करें।

**सिंह** : जल्दबाजी में धन खर्च करने से बचें। व्यापारिक स्थिति अच्छी होगी। सीनियर सहकर्मी और रिश्तेदार बड़ा सहयोग देंगे।

**कन्या** : काम पर फोकस करें और वाहन प्रयोग में सावधानी बरतें। किसी नए काम की जिम्मेदारी मिल सकती है।

**तुला** : दोस्तों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। यात्रा का योग है। व्यावसायिक सफलता मिल सकती है।

**वृश्चिक** : कुछ लोगों के लिए नया रोमांस आपका उत्साह बढ़ाएगा। किसी महत्वपूर्ण काम में सफलता मिल सकती है।

**धनु** : परिवार की समस्याओं को आपको प्राथमिकता देनी चाहिए। काम का दबाव होने के कारण मन अशांत हो सकता है।

**मकर** : परिवार के किसी सदस्य के सेहत की चिंता हो सकती है। किसी खास व्यक्ति से सरप्राइज मिल सकता है।

**कुंभ** : किसी खास व्यक्ति के साथ मनमुटाव हो सकता है, इसलिए अपनी जुबान पर कंट्रोल रखें।

**मीन** : लव लाइफ आपकी शादी एक खूबसूरत मोड़ लेगी। आज खुद की परफॉरमेंस पर गौर फरमाने का समय है।

## ज्योतिष/वास्तु

# रामनवमी आज, इन 5 राशियों पर बरसेगी प्रभु श्रीराम की कृपा

भगवान राम का जन्म मध्याह्न 12 बजे हुआ था । ज्योतिष शास्त्र की दृष्टि से यह दिन बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि ग्रहों की स्थिति लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने और उनकी आध्यात्मिक शक्ति को बढ़ाने में सहायक होगी। इस रामनवमी पर कई राशियों के लिए सौभाग्य के द्वार खुलेंगे। राम नवमी 2026 के दिन चंद्रमा अपनी कर्क राशि में स्थित होंगे जिससे लोगों के मन में शांति और शीतलता का संचार होगा। आइए जानते हैं किन राशियों के जीवन में बरसेगी भगवान राम की कृपा।



मेष राशि वालों के पहले भाव में शुक्रदेव गोचर कर रहे हैं। यह आपके आत्मविश्वास में वृद्धि करेगा। चौथे भाव में चंद्रमा स्थित होने के कारण परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। सूर्य और शनि बारहवें भाव में स्थित है जिस वजह से अध्यात्म की ओर रूचि बढ़ेगी। यह दिन अपनी एक नई शुरूआत करने के लिए शुभ अवसर है।

देवगुरु बृहस्पति मिथुन राशि में गोचर कर रहे हैं। इसके प्रभाव से विकास के नए मार्ग खुल रहे हैं। चंद्रमा दूसरे भाव में स्थित होने के कारण आर्थिक स्थिति में मजबूती आएगी। सूर्य और शनि दसवें भाव में हैं जिसके प्रभाव से काम के प्रति आपकी जिम्मेदारियां बढ़ेगी। एकादश भाव में शुक्र ग्रह होने से आपको लाभ मिलेगा। यह राम नवमी आपके शब्दों और कार्यों को अधिक प्रभावशाली बनाएगी।

कर्क राशि वालों की भावनात्मक शक्ति और अंतर्दृष्टि बढ़ेगी। आप अधिक शांत और ईश्वर से जुड़ा हुआ महसूस करेंगे। सूर्य और शनि के नौवें भाव में होने से आप धर्म के मार्ग पर प्रेरित करेंगे। करियर और मान-प्रतिष्ठा में सुधार होगा। रामनवमी का दिन आध्यात्मिक शांति प्राप्त करने के लिए उत्तम है।

वृश्चिक राशि वालों का भाग्य मजबूत होगा। यह आपके मन को धार्मिक गतिविधियों और सत्संग की ओर आकर्षित करेगा। स्वास्थ्य और दैनिक दिनचर्या में सकारात्मक बदलाव होगा। आध्यात्मिक और भौतिक दोनों ही क्षेत्रों में प्रगति देखने को मिल सकती है। यह राम नवमी भक्ति और श्रद्धा के माध्यम से ईश्वर का आशीर्वाद प्राप्त करने का एक शुभ समय है।
मीन राशि वालों के जीवन में सुख और नए सकारात्मक विचार आएंगे। आपके व्यक्तित्व में गंभीरता और अनुशासन आएगा। आर्थिक स्थिति और पारिवारिक सुख में वृद्धि होगी। यह राम नवमी आपकी भक्ति और आध्यात्मिकता को और भी अधिक गहरा बनाने में सहायक सिद्ध होगी।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com